दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 60 | जयपुर, गुरुवार, 08 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से



**जयपुर।** राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मुख्य निवार्चन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 फरवरी, 2024 तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया राज्य विधानसभा परिसर में होगी। इस संबंध में गुप्ता ने विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा 16 फरवरी को होगी, जबकि 20 फरवरी तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर मतदान 27 फरवरी को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा। उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी।

### एमेजॉन में बड़ी छंटनी, सौ से ज्यादा स्टाफ को निकाला




**नई दिल्ली।** ई कॉमर्स कंपनी एमेजॉन ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया है। कपंनी ने अपनी कॉस्ट सेविंए इनिशिएटिव के तहत यह कदम उठाया है। बीते साल ई कॉमर्स कंपनी ने एमेजॉन फार्मेसी और वन मेडिकल सहित अपनी हेल्थ सर्विस डिविजन में 27 हजार कर्मचारियों की छुट्टी कर दी थी। इसके साथ ही कंपनी ने इस साल की शुरुआत में कई अन्य यूनिट्स से भी स्टाफ को बाहर का रास्ता दिखाया है। कंपनी की ओर से यह कटौती इसके प्राइम वीडियो, बाय विद प्राइम, ट्विच, एमजीएम स्टूडियोज और ऑडिबल समेत कई अहम यूनिट्स में की गई है।

**राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पीएम ने दिया अपना संबोधन, राहुल गांधी पर कसा तंज- कहा...**

# कांग्रेस ने स्टार्टअप बनाया, लेकिन 'युवराज' निकले नॉन स्टार्टर

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन दिया। इस दौरान पीएम ने ओबीसी की राजनीति, गरीबों की चार जातियों, पूर्व पीएम नेहरू की नीतियों समेत कई मुद्दों पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पिछले साल का वह प्रसंग याद है कि हम उस सदन में बैठते थे। उस समय देश के प्रधानमंत्री की आवाज का गला घोंटने की प्रयास किया गया। आज भी आप न सुनने की तैयारी से आए हैं, लेकिन मेरी आवाज को आप दबा नहीं सकते हैं। देश की जनता ने इस आवाज को ताकत दी है। देश की जनता के आशीर्वाद से यह आवाज निकल रही है। आप पिछली बार तैयारी से आए थे, इसलिए मैं भी इस बार पूरी तैयारी से आया हूं। मल्लिकार्जुन खरगे की ओर देखते हुए पीएम ने कहा कि आप पिछली बार भी इतनी शांति से रहे होते तो कितना मजा आता। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने युवराज को एक स्टार्टअप बनाकर दिया है, अभी वो नॉन स्टार्टर है। न तो लिफ्ट हो रहा है, ना लॉन्च हो रहा है।



### मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कांग्रेस लोकसभा में 40 सीटें जीत जाए

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए पश्चिम बंगाल से लोकसभा चुनाव में 40 सीटें जीतने की चुनौती मिली है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप 40 सीटें जीतने में कामयाब रहे। पीएम ने कहा कि विपक्ष के नेता ने सदन में सदन में काफी लंबा भाषण दिया। समय भी काफी लिया। फिर मैं सोचने लगा कि आखिर उन्हें इतना बोलने की आजादी कैसे मिली। फिर मेरे मन में आया कि दो कमांडर जो रहते हैं, वे साथ नहीं थे। उस दिन खरगे ने सोचा होगा कि सिनेमा का वह गाना सुना होगा कि- ऐसा मौका फिर कब मिलेगा, लेकिन एक बार खुशी की रही कि मल्लिकार्जुन खरगे ने एनडीए को 400 सीटें जीतने का आशीर्वाद दिया।

### अंग्रेजों से प्रभावित रही कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस सदस्यों से कहा कि अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे तो राजपथ को कर्तव्य पथ में बदलने के लिए मेरा इंतजार क्यों किया। आपने भारतीय भाषाओं को हीन भावना से क्यों देखा। स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई को हीन भावना से क्यों देखा। आपने देश के शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल क्यों नहीं बनाया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को विकास से वंचित क्यों रखा? मैं ऐसे सैकड़ों उदाहरण दे सकता हूं जिससे यह पता चलता है कि आप अंग्रेजों से प्रभावित रहे।

### खरगे ने भाषण के अंश हटाने पर जताई आपत्ति

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर उच्च सदन में हुई चर्चा के दौरान अपने भाषणों के कुछ अंशों को कार्यवाही से हटाए जाने पर आपत्ति जताई। उच्च सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए खरगे ने कहा कि दो फरवरी को अपने भाषण के दौरान उन्होंने चंद मुद्दों को उठाया था, लेकिन उसके कई हिस्सों को कार्यवाही से हटा दिया गया है। (पेज 7 भी देखें)

**सुप्रीम कोर्ट की रिजर्वेशन पर बड़ी टिप्पणी**

# 'जिन्हें मिल चुका लाभ, वे आरक्षण से निकलें बाहर'

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पिछड़ी जातियों में जो लोग आरक्षण के हकदार थे और इससे लाभान्वित भी हो चुके हैं, उन्हें अब आरक्षित कैटेगरी से बाहर निकलना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि उन्हें अधिक पिछड़ों के लिए रास्ता बनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को 'इस कानूनी सवाल की समीक्षा शुरू कर दी कि क्या राज्य सरकार को शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है?'

संविधान पीठ ने सुनवाई के पहले दिन कहा कि वह 2004 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की वैधता की समीक्षा करेगा, जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आगे उप-वर्गीकृत करने का अधिकार नहीं है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की दलीलों का सारांश देते हुए कहा कि इन जातियों को बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए? आपके अनुसार एक विशेष वर्ग में कुछ उपजातियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वे उस श्रेणी में आगे हैं। उन्हें उससे बाहर आकर जनरल से मुकाबला करना चाहिए। वहां क्यों रहें? जो पिछड़े में अभी भी पिछड़े हैं, उन्हें आरक्षण मिलने दो। एक बार जब आप आरक्षण की अवधारणा को प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको उस आरक्षण से बाहर निकल जाना चाहिए। महाधिवक्ता ने कहा कि यही उद्देश्य है। यदि वह लक्ष्य प्राप्त हो जाता है तो जिस उद्देश्य के लिए यह अभ्यास किया गया था वह समाप्त हो जाना चाहिए। देश के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला एम त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा शामिल हैं।

संविधान पीठ की अगुवाई कर रहे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ मात्रात्मक डेटा से संबंधित तर्कों में नहीं पड़ेगी जिसके चलते पंजाब सरकार को कोटा के अंदर 50 फीसदी कोटा प्रदान करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट उन 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले को चुनौती दे दी गई है। इसमें पंजाब सरकार की मुख्य अपील भी शामिल है।



### 2020 में लार्जर बेंच को हुआ था रेफर

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के एक फैसले में कहा था कि अगर राज्यों को रिजर्वेशन देने का अधिकार है, तो वे उप जाति का वर्ग बनाकर उसका विस्तार भी कर सकते हैं। कोर्ट ने 2004 वाले फैसले पर फिर विचार करने की जरूरत बताते हुए कहा था कि इस मामले को चीफ जस्टिस के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि सुनवाई के लिए उचित बेंच का गठन हो सके।

### आरक्षण का मुद्दा है अहम

राज्यों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के साथ ही ओबीसी वर्ग में सब कैटेगरी आरक्षण के मुद्दे पर लंबे समय से बहस होती आ रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह मुद्दा काफी अहम है। राज्य सरकारों की तरफ से आरक्षण की सीमा तय कैटेगरी से बढ़ा कर अलग-अलग समुदाय को आरक्षण देने के मामले पहले भी आए हैं। इन मामलों को समय-समय पर अदालत में चुनौती मिली है।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात





बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इसके साथ ही सीएम ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने पीयूष गोयल से मुलाकात के दौरान प्रदेश में औद्योगिक विकास से जुड़ी संभावनाओं के बारे में चर्चा की। रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान सीएम ने केंद्रीय अंतरिम बजट में राजस्थान में रेलवे सुविधाओं के विकास, आधुनिकीकरण, रेलवे लाइन दोहरीकरण, आरओबी, आरयूबी सहित विभिन्न कार्यों के लिए पिछले बजट की तुलना में करीब साढ़े बारह प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुए 9714 करोड़ रुपए का प्रावधान करने के लिए उनका आभार प्रकट किया। लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला से मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार भेंट थी।



### वित्त मंत्री अंतरिम बजट आज करेंगी पेश

**नई भर्तियों समेत डीजल पेट्रोल सस्ते होने की घोषणा संभव**

***जयपुर।*** *विधानसभा में भजनलाल सरकार का पहला लेखानुदान गुरुवार को पेश होगा। इसमें सरकार नई भर्तियों, डीजल-पेट्रोल पर वैट कम करने समेत कई बड़ी घोषणाएं कर सकती है। वहीं, पिछली सरकार की योजनाओं का भी नाम बदला जा सकता है। वित्त मंत्री के रूप में दीया कुमारी 8 फरवरी को पहला बजट पेश करेंगी। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखानुदान को अंतिम रूप दिया।*

## उत्तराखंड विधानसभा में पास हुआ UCC बिल

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड बुधवार को लागू कर दिया गया। इसके साथ ही उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। भाजपा के सभी विधायकों ने ध्वनी मत से विधेयक को पारित कर दिया। उत्तराखंड विधानसभा के करीब 80 प्रतिशत सदस्यों ने यूसीसी विधेयक को अपना समर्थन दिया। यूसीसी विधेयक पारित होते ही विधायकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक क्षण न सिर्फ उत्तराखंड के लिए बल्कि पूरे उत्तखंड के लोगों के लिए गर्व की बात है। 12 फरवरी 2022 को जो संकल्प लिया गया था, आज वह पूरा हुआ।




**रिपोर्ट की पड़ताल**

# प्रदेश में सबसे ज्यादा बालिकाओं के साथ यौन शोषण के केस उदयपुर में

- 22 जिलों में यौन शोषण की घटनाएं 50% तक हुई कम
- 30 जिलों में बालिकाओं के साथ यौन शोषण के अपराधों में हुई बढ़ोतरी
- गिरफ्तारी के बाद भी चालान पेश करने में 11 जिलों की पुलिस कार्य प्रणाली में सुधार नहीं

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सबसे ज्यादा नाबालिग बालिकाओं के साथ यौन शोषण उदयपुर में हो रहा है। उदयपुर में सबसे ज्यादा अन्य जिलों के मुकाबले 101 नाबालिग बालिकाओं के साथ वर्ष 2023 में यौन शोषण की घटनाएं हुई है।

सच बेधड़क ने सभी जिला पुलिस द्वारा नाबालिग बालिकाओं के साथ हुई दरिंदगी के दर्ज किए गए पोक्सो एक्ट के तहत मामलों को खंगाला तो यह हकीकत सामने आई है। पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत 1722 मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन हैरानी वाली बात है कि नाबालिगों के साथ हुई दरिंदगी की 331 घटनाओं को पुलिस ने जांच में झूठी मानी है। अब सवाल है कि क्या किसी के दबाव में नाबालिग बालिकाओं ने घटना होने से इनकार कर दिया या फिर परिजनों ने अपनी मासूम बेटी से जबरन दुष्कर्म का ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई है? पुलिस ने दर्ज मामले में से 1077 प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया। इन मामलों में कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ ट्रायल शुरू हो गई। वहीं 286 मामलों की जांच अभी तक चल रही है। जबकि पोक्सो एक्ट के तहत पुलिस ने मामला दर्ज होने के एक माह के भीतर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और दो माह के भीतर जांच करके उसके खिलाफ चालान पेश करके छह माह में कोर्ट से सजा दिलाने का प्रावधान बनाया था, लेकिन अभी तक पुलिस कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है।



### इन जिलों में यौन शोषण के अपराध घटे

पड़ताल में सामने आया कि 22 जिलों में नाबालिगों के साथ वर्ष 2022 के तुलना में साल 2023 में यौन शोषण के अपराध घटे हैं। इनमें नागौर, केकड़ी, शाहपुरा, जयपुर पश्चिम, जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल, सीकर, नीम का थाना, बीकानेर, सवाई माधोपुर, धौलपुर, जोधपुर पश्चिम, जोधपुर पूर्व, जालोर, सांचोर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिला शामिल है। इनमें से 14 जिलों में 20 से 50 फीसदी तक अपराध कम हुए, जबकि 8 जिलों में 1 से 15 फीसदी तक अपराध यौन शोषण के अपराध घटे हैं।

**इन जिलों में अपराधों में इजाफा:** जिला पुलिस द्वारा जारी किए गए आंकड़ों की माने तो सलुंबर, जैसलमेर व ब्यावर में 100 फीसदी तक नाबालिगों के साथ यौन शोषण के अपराध बढ़े हैं, जबकि राजसमंद, उदयपुर, पाली, बाड़मेर, गंगानगर, अनुपगढ़, दौसा, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण व डीडवाना कुचामन में अपराध 25 से 50 फीसदी तक बढ़े हैं। वर्ष 2023 में 30 जिलों में यौन शोषण के अपराध बढ़े हैं, जबकि जयपुर पूर्व, जोधपुर ग्रामीण, कोटा शहर व हनुमानगढ़ में अपराध न तो घटे हैं और ना ही बढ़े हैं।

**कार्रवाई के बाद भी चालान पेश करने में देरी:** पड़ताल में सामने आया कि यौन शोषण के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में 40 जिलों की पुलिस 100 फीसदी मामलों में चालान पेश कर रही है, लेकिन जयपुर पूर्व, ब्यावर, सवाई माधोपुर, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, जोधपुर ग्रामीण, बारां व भीलवाड़ा की पुलिस 80 से 95 फीसदी मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश नहीं कर पाई है।

## जरूरी खबर

### दिल्ली-राजकोट के लिए चलेगी स्पेशल रेल



**बेधड़क. जयपुर।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री दबाव को देखते हुए दिल्ली-राजकोट स्पेशल रेलसेवा संचालन का फैसला किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04010, दिल्ली-राजकोट स्पेशल रेलसेवा गुरुवार को दिल्ली से रात्रि 9.45 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 5 बजे राजकोट पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04009, राजकोट-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा 13 फरवरी को राजकोट से 10.45 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 6 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

### कार डीलर पर लगाया पांच लाख रुपए का जुर्माना

**बेधड़क. जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने दोष युक्त कार बेचने व उसे समय से ठीक नहीं करने को गंभीर सेवा दोष मानते हुए आंकड़ कार्स पर 5 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। साथ ही कार की कुल कीमत 33,05500 रुपए मय ब्याज और परिवाद् व्यय भी अदा करने को कहा। आयोग ने यह आदेश मुरलीपुरा निवासी निखिल अग्रवाल के परिवाद पर दिया। परिवादी की अधिवक्ता मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि परिवादी ने आकड़ कार्स से 26 जुलाई 2022 को कार 'जीप कंपास' खरीदी थी। इसमें पहले दिन से ही कई कमियां थी, जिसके कारण पारिवादि को मानसिक, आर्थिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कई बार कार सर्विस सेंटर में ठीक होने के लिए देने पर भी कार की कमियों को ठीक नहीं किया गया।

### पारीक ने की जनसमस्याओं के निस्तारण की मांग



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव आलोक पारीक ने मंगलवार को आईएएस अधिकारी अभिषेक सुराणा से मुलाकात कर आमजन की समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। उन्होंने सुराणा से कई मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद पारीक ने कहा कि आमजन की समस्याओं के तत्काल निस्तारण की आमजन को राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुराणा ने अब तक के कार्यकाल में जनसमस्याओं को हमेशा प्रमुखता दी है। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई और सड़क जैसी समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर समाजसेवी राजू बागड़ा भी मोजूद रहे।

**नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने** राज्य के प्राधिकरण एवं न्यासों की बैठक में दिए निर्देश

# तीन दिन में भेजे जाएं लोकार्पण और शिलान्यास के प्रस्ताव

बेधड़क | जयपुर

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय से प्राधिकरणों, न्यासों, आवासन मंडल, जयपुर मैट्रो, रैरा, नगर नियोजन आदि विभागों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभागीय समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने फरवरी माह तक पूर्ण होने वाले प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण तथा नए शुरू किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास के प्रस्ताव अगले तीन दिन में भिजवाने के निर्देश दिए। वहीं संस्थाओं के जो प्रोजेक्ट्स बंद पड़े हैं, उनकी स्थानीय स्तर पर समीक्षा एवं समन्वय कर शुरू करें। यदि आवश्यक हो तो उच्च स्तर से अनुमति लेकर प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के निर्देश दिए। आमजन से जुडी ऑनलाइन सेवाओं का निस्तारण टाइमलाइन के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन सेवाओं के पैंडिग प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए इन संस्थाओं के कोटा, उदयपुर, अलवर एवं चित्तौड़गढ़ के सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान में चल रहे विकास कार्य समय सीमा में ही पूर्ण करें। इसके लिए निर्धारित कार्य योजना तैयार कर विभाग के प्रमुख स्वयं के स्तर पर प्रोजेक्ट्स पूर्ण करने के लिए प्रयास करें।



### दो माह से पूराने प्रकरणों का सात दिन में हो निस्तारण

प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने सभी संस्थाओं को राजस्थान संपर्क पोर्टल के दो माह से अधिक पुराने प्रकरणों को आगामी 7 दिन में निस्तारित करने, अवमानना के शेष प्रकरणों में जवाब पेश करने, न्यायालयों के निर्णय की पालना से शेष प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही 14वीं, 15वीं तथा 16वीं विधानसभा के प्रश्नों के बकाया जवाब आगामी 10 दिन में भिजवाने के निर्देश दिए। राजस्व अर्जन के लिए पिछले दो माह में कोई भी निलामी नहीं करने तथा भूमि विक्रय में शून्य आय वाली संस्थाओं भरतपुर, बीकानेर, अलवर एवं सीकर के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पाक विस्थापितों एवं घुमंतु जातियों को आवासीय पट्टे देने एवं अन्य सुविधाओं के लिए कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### 15 दिन में करें सड़कों का वर्गीकरण

मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत सभी शहरी सड़कों का नगरीय निकायों, न्यासों, प्राधिकरणों, मंडल, रिको एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के बीच स्पष्ट वर्गीकरण आगामी 15 दिन में करने निर्देश दिए। विभाग की सभी अधीनस्थ संस्थाओं के कार्यालय भवनों की छतों एवं अन्य विभागीय परिसंपत्तियों व भवनों पर सोलर पैनल लगाने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्था प्रधान अपने कार्यालय का नियमित निरीक्षण कर कार्यालय में कार्मिकों की उपस्थिति, फाईल सिस्टम, पत्रावलियों की विडिंग एवं ऑनलाइन कार्य को गति दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी समीक्षा बैठक 15 फरवरी से पूर्व सभी बकाया प्रकरणों को गुणवत्ता के साथ निस्तारत करें।

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने** बोला सरकार पर हमला

# शिक्षा मंत्री को प्रदेश में चल रहे पाठ्यक्रम का पता ही नहीं

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर निशाना साधा है। झुंझुनूं में कार्यकर्ताओं के संवाद कार्यक्रम में उन्होंने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर कटाक्ष किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ऐसे हैं, जो कहते हैं कि कांग्रेस का पाठ्यक्रम बदल देंगे। उन्हें यही नहीं मालूम कि राज्य में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम चलता है, जो भारत सरकार के अधीन है। वहीं, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कांग्रेसी नेताओं से साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने खुद को बड़ा समझ लिया है। हमें कार्यकर्ताओं का सम्मान करना होगा। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा और प्रभारी रंधावा लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में पहुंचे थे।

डोटासरा ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि दो महीने तक इनका मंत्रिमंडल नहीं बन पाया। पर्ची से मुख्यमंत्री बना। कार्य योजना सौ दिन की बनी, लेकिन कोई काम नहीं हुए। शिक्षा मंत्री कह रहे हैं कि हम पाठ्यक्रम में बदलाव कर देंगे। ये कांग्रेस का पाठ्यक्रम हैं, ये तो हमारे शिक्षा मंत्री है। उनको ये ही पता नहीं है कि राजस्थान में एनसीआरटी पाठ्यक्रम चलता है। भारत सरकार का उपक्रम है, जो पाठ्यक्रम बनाता है। ये भाजपा की तानाशाह सरकार है, लोकतंत्र को खत्म कर देगी। दस साल हो गए मोदी सरकार बने जो वादे किए वो एक भी पूरा नहीं किया। बात चाहे महंगाई, बेरोजगारी कम करने की हो, या किसानों की आमदनी दोगुनी करनी की हो, हर मामले में फेल है। केवल धार्मिक उन्माद फैलाना, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना, तानाशाही करना, डराना धमकाना, नफरत फैलाना इसी के आधार पर ये चुनाव जीतते आ रहे हैं।



**दो माह में कोई काम नहीं**

डोटासरा ने कहा कि ये सिर्फ धार्मिक उन्माद फैलाकर वोटों की फसल काटने की बात कर रहे हैं, दो महीने हो गए, कुछ नहीं किया। साफ कर दिया है कि किसानों को कर्ज नहीं मिलना चाहिए। मिल गया तो उसका माफ नहीं होना चाहिए, ये बात खुद कृषि मंत्री कह रहे है। ये हमारी आपसी कलह की बात कर रहे तो खुद की दिख नहीं रही है, मुख्यमंत्री मंत्री को नहीं मान रहा। मुख्यमंत्री और मंत्री की उनके अधिकारी नहीं मान रहे है। पता नहीं कहा से पर्ची आ रही है, कहां से फैसले हो रहे हैं?

### भाजपा की सरकार बनते ही वादों पर चर्चा बंद

डोटासरा ने कहा कि आरपीएससी भंग की बात कर रहे थे, पेपर माफिया के खिलाफ हम सबसे पहले कानून लेकर आए। आज वहीं केंद्र में बिल लेकर आए हैं, लेकिन हम तो पहले कह रहे थे, ये एक स्टेट की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे देश की समस्या है। केंद्र सरकार को कानून लेकर आना चाहिए था, ताकि युवाओं का भविष्य खराब न हो। तब वो नहीं माने और अब कानून लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के नेता कहते है कि आरपीएससी भंग नहीं हो सकती। राजेन्द्र राठौड़ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा था कि हमारी सरकार बनते ही आरपीएससी के मौजूदा स्वरूप को भंग कर देंगे, लेकिन नहीं किया।

### कार्यकर्ताओं का सम्मान करना होगा: रंधावा

इधर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने पार्टी की अंतर्कलह को खत्म करने पर बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं को कार्यकर्ताओं का सम्मान करना होगा। नेताओं ने खुद को बड़ा समझ लिया है। इसलिए कार्यकर्ता दूर होते जा रहा है। ये परिपाटी खत्म करनी होगी। सब को एकजुट होना होगा, तभी चुनाव जीत पाएंगे। प्रभारी रंधावा ने कहा कि भाजपा राम को सिर्फ अपना ही बता रही है। जब नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारी तो उनके मुंह से हे राम ही शब्द निकला था। कांग्रेस का भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा और आरएसएस के किसी भी नेता का भारत की आजादी में कोई योगदान नहीं है।

**कुलपति सचिवालय पर** लगाया ताला

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं के धरने को पुलिस ने बल प्रयोग से हटाया



बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से छात्रों की मांगों को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय कैंपस में दिए जा रहे धरने को पुलिस ने बुधवार को बल प्रयोग हटा दिया। पुलिस प्रदर्शनकारी छात्रों को धरनास्थल से घसीटते और टांगाटोली करते जबरन जीप में डालकर गांधी नगर थाने ले गई। इस दौरान छात्रों ने पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सात सूत्री मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता कुलपति सचिवालय के बाहर धरना दे रहे थे। बुधवार को छात्रों ने सचिवालय के मुख्य गेट पर ताला लगाकर उसे बंद कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझाया। छात्रों के नहीं मानने पर बल प्रयोग करते हुए उन्हें जीप में डाल कर गांधी नगर थाने ले गई। गौरतलब है कि एबीवीपी की ओर से महिला प्रोफेसरों और शोधार्थी छात्राओं के साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न जैसे मामलों में सोशल साइंस विभाग के डीन व एचओडी को पद से कार्यमुक्त करने, कैंपस में वाईफाई सुविधा शुरू करने, कैंपस में जंगली जानवरों की रोकथाम, सेंट्रल लाइब्रेरी का डिजिटलाइजेशन करने सहित अन्य मांगों को लेकर छात्र धरना दे रहे हैं।

### एबीवीपी ने की कार्रवाई की निंदा

इधर, एबीवीपी ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कड़े शब्दों में विरोध जताया। एबीवीपी जयपुर प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर राजस्थान पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करना यह दिखाता है कि राजस्थान सरकार किस प्रकार से छात्रों की आवाज और मांगों को दबाने का काम कर रही है। विद्यार्थी परिषद इस बर्बरता से डरने वाली नहीं है।

**डॉ. अंबेडकर की पत्नी की मनाई जयंती,** पौत्र भी रहे मौजूद

# रमाबाई के छाया चित्र का अनावरण

बेधड़क | जयपुर

झालाना डूंगरी स्थित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में बुधवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी रमाबाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान सोसायटी को उनके पौत्र भीमराव यशवंत अंबेडकर की ओर भेंट किए गए रमाबाई के छाया चित्र का उन्हीं के हाथों अनावरण करवाया गया।

साथ ही रमाबाई अंबेडकर के जीवन-संघर्ष, दर्शन व त्याग पर विस्तृत रूप से व्याख्यान हुआ। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आईपीएस रवि प्रकाश मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल बैरवा, महासचिव जी.एल. वर्मा ने अतिथियों को बुके, संविधान उद्देशिका भेंट की और शॉल व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कैप्टन वेद चोकडायत, भंते रतनदीप कश्यपानंद व सोसायटी के पदाधिकारी डॉ. भजन लाल रोलन, भागचंद मीना, जी.एस. सोमावत, प्रशांत मेहरड़ा, गुरु प्रसाद लेखरा, यादराम फांसल, इन्द्रराज सिंह, पूरण सिंह मौर्य और आए हुए सभी लोगों ने माता रमाबाई अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**एसीबी के नवनियुक्त डीजी शर्मा** ने दिए टारगेट

# भ्रष्टाचार पर होगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के नए मुखिया ने सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करना शुरू कर दिया है। अपनी नियुक्ति के करीब एक सप्ताह के बाद एसीबी के डीजी राजीव शर्मा ने बुधवार को एसीबी मुख्यालय में अधिकारियों की मीटिंग ली।

इसमें स्पष्ट निर्देश दिए कि अब जांच में तेजी लाई जाएगी। फाइलों में जांच के दौरान अचानक यू-टर्न की नीति अब नहीं चलेगी। जो साक्ष्य फाइल पर हैं, उन्हीं के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिलों के अधिकारियों को उन्होंने कहा कि रिश्वत की किसी भी सूचना पर तस्दीक कार्रवाई ठीक से की जानी चाहिए। ट्रैप कार्रवाई के दौरान साक्ष्य इस तरह से एकत्र किए जाए कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ अपराध साबित करने में आसानी रहे। कार्रवाई के साथ यह भी जरूरी है कि आरोपी अधिकारी को अदालत से सजा मिले। यह तभी संभव है जब तस्दीक और ट्रैप कार्रवाई के दौरान अधिकारी साक्ष्यों पर विशेष ध्यान दें।



### 486 मामलों में केस की मंजूरी नहीं

बैठक में लंबित मामलों को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों के पास कई फाइलें वर्षों से लंबित चल रही हैं। डीजी शर्मा ने इनके निस्तारण पर भी चर्चा की। इस बीच कई अधिकारियों ने सरकार के स्तर पर लंबित अभियोजन स्वीकृति के मामले भी उठाए। एसीबी ने कार्मिक विभाग व अन्य सरकारी विभागों से 486 आरोपी अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार करने पर कोर्ट में केस चलाने के लिए अभियोजन स्वीकृति मांगी है, लेकिन अभी तक कार्मिक विभाग ने 54 अफसरों, केन्द्र सरकार ने एक आईपीएस व दो आईएएस और प्रदेश में अन्य सरकारी विभागों ने आरोपियों खिलाफ 429 मामलों में अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है।

**फिर बाहर आया रीट पेपर लीक का जिन्न**

# शिक्षा संकुल में फिर जांच के लिए पहुंची एसआईटी टीम

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में रीट पेपर लीक मामले का जिन्न फिर बाहर आ गया है। एसओजी की एसआईटी टीम रीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए बुधवार को शिक्षा संकुल पहुंची। इस दौरान टीम ने स्ट्रॉन्ग रूम में दस्तावेज खंगाले। जांच टीम के पहुंचने से शिक्षा संकुल में हड़कंप मच गया।

वहीं कर्मचारियों में चर्चा का दौर शुरू हो गया। शिक्षा संकुल दौरे के बाद एसआईटी के एडिशनल एसपी बजरंग सिंह ने बताया कि पूर्व की जांच में कई कमियां रह गई थी। इन कमियों को देखते हुए टीम को दोबारा से जांच के लिए आना पड़ा। बजरंग सिंह ने बताया कि रीट पेपर लीक को लेकर कई लोगों पर आरोप लगे थे। किस कारण से पेपर लीक हुए, इसमें क्या कमियां रहीं, उसकी जांच बाकी है। उन्होंने कहा कि इस जांच जिम्मेदारी मुझे दी गई है। इसलिए हर पहलू पर दोबारा से काम किया जा रहा है। पेपर लीक से जुड़े हर तथ्य का बारिकी से अनुसंधान किया जाएगा। वहीं इसमें जिस किसी भी भूमिका सामने आएगी उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।



### जिन पर संदेह उनसे होगी पूछताछ

एडिशनल एसपी ने बताया कि पूर्व में हुई जांच में कई सबूतों पर काम नहीं किया गया, इसके चलते जांच अधूरी रही। उन कमियों को पूरा करने के लिए टीम फिर से मौके पर पहुंची। इस दौरान कई लोगों से पूछताछ भी की है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले गिरफ्तार हो चुके हैं, उनके अलावा कई और लोग भी हैं, जिनको संदेह का फायदा देकर छोड़ रखा था। अब उन लोगों से भी पूछताछ की जाएगी। शिक्षा संकुल में 4-5 लोगों से पूछताछ की गई। पेपर लीक मामले में अब तक 126 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें से 124 लोगों की जमानत हो चुकी है, जबकि 2 आरोपी जेल में है। इनमें से एक आरोपी राजू विश्नोई अभी अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। जल्द ही आरोपी से जेल में जाकर पूछताछ की जाएगी।

### हाल ही में 5 आरोपियों के जारी हुए गिरफ्तारी वारंट

एसआईटी के एडिशनल एसपी बजरंग सिंह ने बताया कि मामले में 5 आरोपियों रामनरेश कुमार पुत्र मांगीलाल विश्नोई निवासी हालीवाव थाना चितलवाना जालोर, सुमन विश्नोई पुत्री गंगाराम निवासी सांवरीज थाना भोपालगढ़ जोधपुर, सुभाष विश्नोई पुत्र जोराराम निवासी भौजाकोर थाना लोहावट जोधपुर, रोशनी पुत्री भैराराम पत्नी जगदीश पालड़िया निवासी दांता हाल कूका थाना बागोड़ा जालोर, संतोष कुमारी पत्नी दिनेश कुमार निवासी हापू की ढाणी थाना बागोड़ा जालोर के खिलाफ पिछले कुछ दिनों में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी करवाए गए हैं।

# अब बकाया टैक्स वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति से विकसित राजस्थान की संकल्पना को गति मिलेगी।

राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की मंशा और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए विभाग की छवि को बेहतर बनाएं। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को शासन सचिवालय में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व लक्ष्यों और उनकी प्राप्ति विषय पर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परिवहन अधिकारियों को फील्ड में रहकर टीम भावना के साथ कार्य कर विभाग की छवि को बेहतर बनाने, पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही बकाया कर वाले वाहनों की सूची तैयार करने, वाहन स्वामियों को नोटिस तामील करने के साथ ही परमिट निलंबन करने एवं भू राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्य से अधिक राजस्व अर्जन करने के लिए आरटीओ जयपुर-द्वितीय के प्रयासों की प्रशंसा की। लक्ष्यों से कम राजस्व अर्जित करने वाले अधिकारियों कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### 'शार्क टैंक इंडिया' में शामिल हुआ 'रूफटॉप'



**जयपुर।** राजधानी का स्टार्टअप 'रूफटॉप' अपने इनोवेटिव प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ाने की दिशा में चल रहा है। यह टीवी के प्रतिष्ठित शो 'शार्क टैंक इंडिया' के सीजन-3 में शामिल हुआ। इस उच्च स्तरीय शो के जरिए रूफटॉप ने पारंपरिक भारतीय कला रूपों पर आधारित अपने ऐप और ब्रांड को दुनियाभर के दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। यहां रूफटॉप के फाउंडर व सीईओ कार्तिक गग्गर ने शार्क्स के पैनल के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत किया। गग्गर ने बताया कि भविष्य में भारतीय कला कलाओं को सीखने के लिए रूफटॉप एकमात्र मंच होगा। उन्होंने रूफटॉप का सफर साझा करते हुए इस ब्रांड के लिए 4 प्रतिशत इक्विटी पर 2 करोड़ की पिच सामने रखी।

### GNM एग्जाम की कॉपियों की रिचेकिंग महंगी

**जयपुर।** राजस्थान नर्सिंग कौंसिल (आरएनएस) ने एक आदेश जारी कर जीएनएम एग्जाम, उसकी डुप्लीकेट मार्कशीट और एग्जाम कॉपियों की रिचेकिंग और रिकाउंटिंग समेत अन्य मदों की फीस को 50 फीसदी तक बढ़ा दिया है। कौंसिल के रजिस्ट्रार की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक जीएनएम फर्स्ट और थर्ड ईयर एग्जाम की फीस को 1 हजार से बढ़ाकर 1500 रुपए, जीएनएम सैकंड ईयर एग्जाम फीस को 1500 से बढ़ाकर 2 हजार किया है। एएनएम/हेल्थ वर्कर एग्जाम फीस 1500 रुपए, प्रमोशन ट्रेनिंग ऑफ एलएचवी एग्जाम फीस को 800 रुपए, री-टोटलिंग और री-अपीयरिंग ऑफ फेलियर सब्जेक्ट फीस 300, री-चेकिंग फीस 500 रुपए, डुप्लीकेट मार्कशीट फीस 500 रुपए और मार्कशीट में करेक्शन के 300 रुपए कर दिए हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**बनीपार्क निवासी महिला के पति और पुत्र ने मिलकर लिया नेत्रदान का निर्णय**

# मरने के बाद नीलम दो लोगों के जीवन में भर गई रोशनी

**बेधड़क** | जयपुर

लोग जीते जी तो बहुत सारा दान-पुण करते हैं, लेकिन कुछ लोग होते हैं, जिन्हें यह मौका मरने के बाद भी मिलता है। वे मरते-मरते भी कुछ लोगों के जीवन में रोशनी कर जाते हैं। ऐसा वे कर पाते हैं मौत के बाद अपने अंगों का दान करके और नेत्रदान करके। ऐसा ही मौका बनीपार्क निवासी नीलम वधवा को मिला। 72 वर्षीय नीलम वाधवा की आंखों से दो लोग एक बार फिर से यह दुनिया देख पाएंगे।

नीलम वधवा की मृत्यु के बाद बुधवार को उनके परिजनों ने बुधवार को उनके नेत्रदान किए। उनके पति गुलशन वधवा ने बताया कि मंगलवार देर रात उनकी पत्नी नीलम की तबीयत खराब हुई। थोड़ी देर तबीयत खराब रहने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। उस समय रात के तीन बजे थे। सुबह उनके पति ने अपने बेटे से नीलम के नेत्र किसी को दान करने के बारे में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने मिलकर नीलम का नेत्रदान का फैसला लिया। फिर वधवा ने आई बैंक के सदस्य रवि कामरा के माध्यम से आई बैंक से इस संबंध में सम्पर्क किया और मैनेजर शेखावत को सूचना दी। आई बैंक ने हरकत में आते हुए अपनी टीम भेजी और नीलम का नेत्रदान करवाया। गुलशन नेत्रदान का समर्थन करते आए हैं और इसी जागरूकता की वजह से उन्होंने अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद नेत्रदान किया।



### 5 से 75 साल की उम्र में कर सकते हैं नेत्रदान

बता दें कि 5 से 75 साल की उम्र तक कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। यदि किसी की आंखों पर चश्मा लगा हो या मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ हो, वह भी अपने नेत्रदान कर सकता है। नेत्रदान के लिए मृत्यु के बाद किसी तरह का ऑपरेशन नहीं होता। महज 15 मिनट की प्रक्रिया में आंखों के ऊपरी सतह पर स्थित कार्निया को निकाला जाता है, जिससे आंखों की रोशनी बनी रहती है।

### रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार करने की परंपरा

अंगदान और नेत्रदान करने वालों को अंतिम संस्कार के रीति रिवाज निभाने का भी अवसर दिए जाने की परंपरा है। इसे देखते हुए देश के कई मेडिकल कॉलेजों के एनोटॉमी विभाग में देहदान से पहले अंतिम संस्कार की परिजनों की इच्छा भी पूरी की जा रही है। इसके लिए सभी धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ करार भी किया हुआ है। ये धर्मगुरु एनोटॉमी विभाग में ही व्यापक पाठ-पूजा, यज्ञ और प्रतीकात्मक रूप से फूल चुनने जैसी परंपराओं का निर्वहन कराते हैं।

**मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ग्रेटर निगम ऑफिस का किया औचक दौरा**

# हाजिरी रजिस्टर जांचकर देखा कौन अफसर-कर्मचारी गैरहाजिर

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार सुबह अचानक जयपुर ग्रेटर नगर निगम के ऑफिस का औचक दौरा किया। सीएस ने करीब 1 घंटे तक निगम मुख्यालय में रुक कर व्यवस्थाएं जांचीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में जाकर पत्रावलियां देखीं। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर जांचे और देखा कि कौन-कौन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे और कौन-कौन गैर हाजिर। पंत ने पेंडेंसी को लेकर भी सवाल किए।

मुख्य सचिव सुधांश पंत सुबह करीब 9:25 बजे ग्रेटर नगर निगम के मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने निगम मुख्यालय में विभिन्न शाखाओं में जाकर निरीक्षण किया। सीएस ने कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों-कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर देखा। सीएस ने नदारद रहने वाले कर्मचारियों को लेकर साफ तौर पर सही व्यवस्था बनाए रखने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पत्रावलियों को देखा और अधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी लेने का साथ ही पेंडेंसी को लेकर भी सवाल किए। वहीं, ई-फाइलिंग और निगम के कामकाज को सुविधाजनक बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त रुक्मणी रियार भी मौजूद रहीं। आयुक्त से ऑनलाइन कामकाज की जानकारी लेने के साथ समय पर काम करने की बात कही।




फोटो: पंकज शर्मा



### जेडीए में 3 अफसर किए थे एपीओ

इससे पहले सीएस सुधांश पत ने 23 जनवरी को जेडीए और 2 फरवरी को कलेक्ट्रेट ऑफिस का निरीक्षण करने के दौरान जेडीए की सचिव नलिनी कठोतिया (IAS), अतिरिक्त आयुक्त आनंदीलाल वैष्णव और उपायुक्त प्रवीण कुमार द्वितीय को एपीओ कर दिया था। उस वक्त सुधांश पंत जेडीए में निरीक्षण के लिए सबसे पहले मुख्य भवन पहुंचे, लेकिन तब तक वहां जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त मंजू राजपाल और सचिव नलिनी कठोतिया नहीं आए थे। इसके बाद पंत इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पहुंचे। यहां भी कई अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले। इसके अलावा जगह-जगह कचरा और पुराना कबाड़ रखा हुआ था। इसे देख सीएस ने नाराजगी जताई। मुख्य सचिव के जयपुर विकास प्राधिकरण ऑफिस पहुंचने की सूचना मिलने पर कुछ देर बाद आयुक्त और सचिव ऑफिस पहुंचे। इसके बाद मुख्य सचिव ने आयुक्त और सचिव के साथ जोन कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से फाइलों की पेंडेंसी के बारे में जानकारी मांगी। हाजिरी रजिस्टर भी देखा। इसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की हाजिरी नहीं थी। पंत ने जेडीए आयुक्त को देरी से दफ्तर आने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए।

### कलेक्ट्रेट में पेंडिंग फाइलों की ली थी तस्वीरें

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने 2 फरवरी को जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस का निरीक्षण किया था। यहां उन्होंने एक-एक अधिकारियों के चैंबर का निरीक्षण किया, इस दौरान कुछ अधिकारी गायब मिले। कलेक्ट्रेट ऑफिस आने से पहले पंत संभागीय आयुक्त की बिल्डिंग में भी गए थे, जहां उन्होंने कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति और उनके टेबल पर रखी फाइलों को देखा। दौरे के दौरान सीएस ने एक-एक एसडीएम और एडीएम के चैंबर को खुद जाकर देखा। जयपुर सिटी एसडीएम के चैंबर में उन्होंने फाइलों का अंबार देखा तो कुछ फाइलें भी पढ़कर देखीं। उधर, कलेक्ट्रेट ऑफिस में ही आरएए (राजस्व अपील अधिकारी) रामावतार गुर्जर अपने चैंबर में नहीं मिले, तो सीएस ने उनके स्टाफ से जानकारी ली। उनके यहां भी फाइलों की पेंडेंसी दिखी, जिसकी मुख्य सचिव ने फोटो ली।

**JKK: लंबे इंतजार के बाद 3 का चयन**

# नए नाटकों के लिए यंग डायरेक्टर्स को मिलेंगे 1-1 लाख रुपए



**बेधड़क** | जयपुर

युवा निर्देशकों के प्रोत्साहन के लिए बनाई गई युवा नाट्य निर्देशक अनुदान स्कीम का इंतजार कर रहे नाट्यकर्मियों के लिए खुश खबरी है। लंबे समय बाद जवाहर कला केन्द्र की ओर से तीन डायरेक्टर्स की सूची जारी कर दी गई है। रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा नाट्य निर्देशकों को प्रोत्साहित करने के लिए यह अनुदान दिया जाएगा।

नाटक 'ए ब्रिफ एनकाउंटर विद ग्रीफ' के लिए जयपुर के चिराग खंडेलवाल, 'कठपुतलियां' के लिए भीलवाड़ा के अनुराग सिंह राठौड़ और 'लड्डा और चाशनी' के लिए रोहित अग्रवाल का चयन किया गया है। टोंक के देशराज गुर्जर और भीलवाड़ा के रवि ओझा का नाम प्रतिक्षा सूचि में शामिल है। चयनकर्ताओं के पैनल में राष्ट्र स्तरीय रंगकर्म विशेषज्ञ पूर्वा नरेश, रबिजीता गोगोई और गोपाल आचार्य शामिल थे। ग्रांट के लिए 30 डायरेक्टर्स ने आवेदन किया था, विशेषज्ञों ने साक्षात्कार के पश्चात लाभार्थी युवा नाट्य निर्देशकों का चयन किया। चयनितों को जवाहर कला केन्द्र की ओर से एक लाख रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

यंग थिएटर डायरेक्टर मोईन अली ने कहा कि जवाहर कला केंद्र द्वारा 2017 में शुरू की गई युवा नाट्य निर्देशक ग्रांट स्कीम में पिछले तीन साल से यह अनुदान नहीं दिया जा रहा था। इस बार कलाकारों को उम्मीद थी कि पिछले साल वंचित रहे कलाकारों को भी इस साल ही अनुदान दिया जाएगा, लेकिन अभी तीन कलाकारों का ही चयन कर इस स्कीम में इतिश्री कर ली गई है।

# सुंदरकांड पाठ के साथ हुई भजन संध्या

**बेधड़क** | जयपुर

सेक्टर 3 मालवीय नगर स्थित ब्रज किरण महिला छात्रावास/ब्राह्मण भवन में अखंड सुंदरकांड और भजन संध्या हुई। संयोजक एरावत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के मुख्य संरक्षक एसडी शर्मा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने संबोधित दिया। एसीपी संजय शर्मा, जयपुर महानगर के अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण कांकर, एचके कौशिक, सोहनलाल शर्मा, एरावत कुमार शर्मा, एडवोकेट दिनेश वशिष्ठ,आरडी शर्मा, हनुमान सहाय शर्मा,प्रमुख महामंत्री रोशन लाल शर्मा, बृजभूषण शांडिल्य, प्रदेश उपाध्यक्ष केपी शर्मा, पदम कुमार शर्मा, शंकर लाल शर्मा आगरा इकाई अध्यक्ष,महानगर युवा अध्यक्ष पार्षद करण शर्मा, पार्षद ओम स्वामी, प्रदेश युवा महामंत्री सुरजीत शर्मा, मनोज शर्मा, अमिता शर्मा महिला इकाई अध्यक्ष मालवीय नगर, शिवकुमार भारद्वाज प्रमुख महामंत्री महानगर, अशोक पाठक, एडवोकेट चंद्र प्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा, ज्योति शर्मा जयपुर महानगर महिला अध्यक्ष, पूजा पाठक, जगदीश शर्मा इकाई अध्यक्ष एमपी शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, मोनिका शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला- पुरुष कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**नाचते-गाते पहुंचा सोडाला थाना का स्टाफ, ढाई लाख नकद और गहने-कपड़े भी दिए**

# सफाईकर्मी के भाई बन पहुंचे थाने वाले, भांजियों का भरा मायरा

**बेधड़क** | जयपुर

सोडाला थाने के स्टाफ ने एक जिम्मेदारी भरी पहल की। सबने मिलकर थाने में सफाई करने वाले कर्मचारी की दो बेटियों की शादी में मामा बनकर पहुंचे और मायरा भरा। पुलिसकर्मियों ने 3 लाख 11 हजार रुपए नकद देने के साथ ही गहने-कपड़े भी दिए। सोडाला थाने का स्टाफ नाचते-गाते मायरा लेकर विवाह स्थल पर पहुंचा। पुलिस को देख कर एक बार तो सभी लोग खड़े हो गए। इस पर पुलिकर्मियों ने बताया कि वह मायरा लेकर आए हैं। इसके बाद सफाई कर्मचारी के परिवार ने सभी पुलिसकर्मियों का स्वागत किया। शादी में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी और मायरा भरने से सफाई कर्मचारी का परिवार बहुत खुश नजर आया।



### तीन पीढ़ियों से कर रहे हैं थाने में सफाई

सीआई राजेश कुमार सिंह ने बताया-पूनमचंद की तीन पीढ़ियां सोडाला थाने में सफाई की व्यवस्था देखते हैं। पहले उनके पिता यहां सफाई करते थे और अब उनका बेटा थाने में सफाई का काम करते हैं। पूनमंचद ने बताया कि उसकी 2 बेटियों की शादी है। इस पर थाना के स्टाफ ने तय किया कि थाने की ओर से मायरा भरा जाना चाहिए। इस पर उन्होंने 21 हजार रुपए दिए। इसके अलावा एसआई और एएसआई ने 6100 रुपए दिए। हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल ने मिलकर 51 हजार रुपए दिए। सीआई ने बताया कि पूनमचंद की दोनों बेटियों की शादी अजमेर रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में हुई। शादी में थाने का पूरा स्टाफ शामिल हुआ।

### हमारे पास कहने को कोई शब्द ही नहीं

सफाई कर्मचारी पूनमचंद ने बताया कि उनको अंदाजा नहीं था कि थाने का स्टाफ उनसे इतना प्रेम करता है। थाना स्टाफ के मायरा लाने से दिल भर गया। मेरे जीवन का इससे सुनहरा पल कोई और नहीं हो सकता है। यह मेरे जीवन में इमानदारी से काम का करने का परिणाम है। मेरा पूरा परिवार और समाज के लोग इससे काफी खुश हैं। जो अपनत्व थाना पुलिस के स्टाफ ने दिखाया, उसके लिए मेरे ही नहीं मेरे परिवार के पास भी कोई शब्द नहीं है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मेरा दिल बहुत खुश है।

### पुलिस के बारे में सोच बदलती है ऐसे काम से

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से मायरा भरने की परम्परा नई नहीं है। इससे पहले भी करधनी थाना, चित्रकूट थाना, करणी विहार थाना, कानौता थाना पुलिस ने अपने यहां काम करने वाले स्टाफ के शादी समारोह में जाकर मायरा भरा है। इस तरह के एक्ट से पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलती है। यह अच्छा काम है, जिसे जब मौका मिले उसे इस तरह के काम करने चाहिए। ऐसी पहल को अन्य लोगों को भी अपनाना चाहिए।

## जरूरी खबर

### आईजी ने दिए अपराधों पर लगाम कसने के निर्देश



**जोधपुर।** जिला रेंज पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को बाड़मेर जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अपराधों की रोकथाम करने, पेंडिंग प्रकरणों, महिलाओं, बालकों पर अत्याचार व अनुसूचित जाति, जनजाति पर अत्याचार के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन समेत विभिन्न शाखाओं क्वाटर गार्ड, एचएम कार्यालय, आरक्षी भवन और कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया। आईजी ने संगठित अपराधियों का उन्मूलन, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के निर्देश दिए।

### मिड-डे मील में लापरवाही पर शिक्षिका निलंबित

**बीकानेर।** पोषाहार की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने एक अध्यापिका को निलंबित किया गया है। मामला बीकानेर जिले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारी चारणान का है। निरीक्षण के दौरान छात्रों को मिलने वाले भोजन की न तो गुणवत्ता नजर आई और न ही सरकार से मिलने वाली सामग्री का रिकार्ड संधारण मिला। इस लापरवाही के चलते अध्यापिका योगिता बाली को निलंबित किया गया। निलंबन काल में उन्हें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बज्जू खालसा में हाजिरी देनी होगी।

### राष्ट्रपति का दौरा: व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**दौसा।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के 14 फरवरी को प्रस्तावित मेहंदपुर बालाजी दौरे को लेकर आईजी उमेश दत्ता ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वे पुलिस अधिकारियों के साथ मेहंदीपुर बालाजी कस्बे में पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर मंदिर परिसर सहित कस्बे का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट सचिव एमके माथुर से मंदिर परिसर क्षेत्र की बारीकी से जानकारी की। साथ ही मंदिर स्टाफ के बारे में भी जानकारी एकत्रित की। इस दौरान उनके साथ दौसा एसपी वंदिता राणा, कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव सहित जिले के कई अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन किए।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों ने आमजन को किया जागरूक,** 14 को समाप्त होगा अभियान

# साइकिल रैली से बच्चों ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**बेधड़क** | अजमेर

सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर यातायात और परिवहन विभाग की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनकी पालना के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत साइकिल रैली निकाली गई। इसमें करीब 200 विद्यार्थी शामिल हुए। करीब चार किलोमीटर तक साइकिल रैली निकालकर विद्यार्थियों ने आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। रैली में विद्यार्थी सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां भी लेकर चल रहे थे। रैली में करीब 200 विद्यार्थी शामिल हुए। 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर विद्यार्थी कलेक्ट्रेट पहुंचे। गौरतलब है कि प्रदेशभर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 15 जनवरी से शुरू इस अभियान के तहत परिवहन और ट्रैफिक विभाग की ओर से अलग-अलग प्रोग्राम कर आम जनता को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी दी जा रही है। यह अभियान 14 फरवरी को समाप्त होगा।



### एडीएम बोहरा ने किया बच्चों का स्वागत

आरटीओ और ट्रैफिक विभाग के नेतृत्व में अलवर गेट स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। स्कूल के करीब 200 विद्यार्थी रैली निकालते हुए 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां एडीएम सिटी जगदीश प्रसाद बोहरा की ओर से बच्चों का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करके हादसों को रोका जा सकता है। हादसों के चलते कई परिवार अपने प्रियजनों को खो देते हैं। ऐसे में नियमों की पालना से हादसों को रोका जा सकता है।

### स्कूलों में भी बच्चों को दी जानकारी

ट्रैफिक विभाग की ओर से बुधवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें ट्रैफिक विभाग की ओर से स्कूलों में यातायात नियमों की बच्चों को जानकारी दी गई, जिससे कि बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके। इस दौरान अन्य लोगों को भी यातायात नियमों की पालना का संदेश देने का विद्यार्थियों से आह्वान किया गया।

**पशुपालन व देवस्थान मंत्री विद्यालय भवन** के शिलान्यास में बोले...

# डेयरी में कांग्रेस ने जैसा भ्रष्टाचार किया, वैसा पहले कभी नहीं हुआ

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

प्रदेश की भजनलाल सरकार के पशुपालन व देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर सहकारिता और डेयरी क्षेत्र में जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर पहुंचे मंत्री कुमावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डेयरी के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में मजबूत है। हम इसकी जांच करवाएंगे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करेंगे। वहीं यूसीसी को लेकर पूछे गए सवाल को मंत्री टाल गए। मंत्री जोराराम ने जिले के आसींद पंचायत समिति के गागलास ग्राम पंचायत के सालरमाला गांव के नवीन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन का शिलान्यास किया।

इस दौरान प्रेस से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर जनता व कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है। राम मंदिर की प्रतिष्ठा पर्व को भी राजस्थान में अभूतपूर्वक तरीके से मनाया गया। प्रदेश की जनता का पीएम मोदी के प्रति काफी उत्साह है। इसी उत्साह की वजह से प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी होगी। डेयरी में पशुपालकों को दिए जाने वाले 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान व पाउडर के अटके हुए भुगतान के सवाल पर जोराराम ने कहा कि यह मामला हाल ही मेरे संज्ञान में आया है। इसकी फाइल वित्त विभाग में भेजी गई है। आने वाले समय में इनका अनुदान व पाउडर के पैसे का भुगतान किया जाएगा।




### भाजपा लड़ेगी डेयरी के चुनाव

मंत्री जोराराम ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशभर की डेयरियों में भ्रष्टाचार में आगे रही है। डेयरी के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने 5 साल में जितना भ्रष्टाचार किया, उतना शायद कभी भी नहीं हुआ है। निश्चित रूप से यहां भ्रष्टाचार फैला हुआ है। हम पहले उसको खत्म कर डेयरी को साफ-सुथरी करेंगे। वहीं भाजपा अबकी बार डेयरी के क्षेत्र में चुनाव लड़ेगी और जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि डेयरी में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 43 पंचायत मुख्यालयों पर खोली नंदी गोशाला

प्रदेश में नंदी गौशाला को लेकर मंत्री ने कहा कि सरकार की योजना है कि प्रदेश की हर पंचायत समिति स्तर पर नंदी गोशाला खोली जाए। इसके लिए 75 आवेदन आए थे। इसमें से 43 पंचायत समिति मुख्यालय पर नंदी गोशाला खोली गई है। दूसरे पंचायत समिति मुख्यालय पर भी नंदी गोशाला खोलने का हम प्रयास कर रहे हैं। सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गोशाला खोलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें ग्राम पंचायत व भामाशाह की ओर से 10 लाख रुपए देना होगा और 90 लाख रुपए सरकार की ओर से अनुदान दिया जाएगा। डेयरी क्षेत्र में संविदाकर्मी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में हम एनालिसिस करेंगे, जहां आवश्यकता होगी वहां पद भरे जाएंगे।

**अधूरे कार्य शीघ्र पूरे** करने निर्देश

# जिला अस्पताल बनकर तैयार, जल्द मिलेगी ओपीडी की सौगात



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में मेडिकल कॉलेज और नवीन जिला अस्पताल बनकर तैयार है। शहर में चल रहे जिला अस्पताल को नए जिला अस्पताल में शिफ्ट करने को लेकर जिला कलेक्टर ने नए भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने नए जिला अस्पताल के भवन में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

अधूरे कार्यों के पूरा होने के बाद कलेक्टर ने जल्द ही नए अस्पताल में ओपीडी शुरू कराने का आश्वासन दिया है। मेडिकल कॉलेज और नवीन जिला अस्पताल धौलपुर के निरीक्षण को पहुंचे जिला कलेक्टर ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार से अधूरे पड़े कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पीएमओ को जल्द अस्पताल की ओपीडी शुरू करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरएसआरडीसी के एईएन संतोष कुमार को लिफ्ट शुरू करने के के आदेश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जो भी कार्य अधूरे हैं, उसको चार से पांच दिन में पूरा करें, जिसके बाद यहां पर ओपीडी शुरू हो सके। गौरतलब है कि बाड़ी रोड पर मेडिकल कॉलेज के साथ ही नए जिला अस्पताल भवन का निर्माण कराया जा चुका है।

लंबे समय से जिले के लोग शहर में संचालित जिला अस्पताल को नए अस्पताल में शिफ्ट करने की मांग करते चले आ रहे हैं। इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। ओपीडी शुरू होने से इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

**शादी के बाद घर लौट रहे नवदंपती** की कार ट्रेलर से टकराई

# दुल्हन की मौत, दूल्हा व चालक घायल

**बेधड़क** | सीकर

शादी के बाद घर लौट रहे दूल्हा-दुल्हन की कार डंपर से टकरा गई। हादसे में दुल्हन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार चालक और दूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बुधवार सुबह 7 बजे सीकर फतेहपुर थाना क्षेत्र में हुआ।

सालासर हाईवे पर हुए हुई दुर्घटना के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने घायलों की कोई मदद नहीं। घायल ड्राइवर ने बताया कि लोग केवल कार का वीडियो बनाते रहे। बाद में वह जैसे-तैसे करके वाहन से बाहर निकला और मदद के लिए फोन किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार



लक्ष्मणगढ़ तहसील के बाटला नाउ गांव के नरेंद्र (25) पुत्र रघुवीर सिंह की शादी हरियाणा के हिसार की रहने वाली खुशबू (24) साथ 6 फरवरी को हुई थी।

नवविवाहित जोड़ा ।बुधवार सुबह बाटला नाउ गांव लौट रहा था। इसी बीच वे हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर फॉरलेन का काम चल रहा है। इस कारण पूरा यातायात एक तरफ ही चल रहा है। इस दौरान फतेहपुर-सालासर हाईवे पर मरडातू गांव के पास सामने से आ रहे डंपर ने दूल्हा-दुल्हन की क्रेटा कार को टक्कर मार दी।

हादसे में खुशबू के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूल्हा नरेंद्र और ड्राइवर नितिन (32 ) पुत्र नेमीचंद निवासी बाडूसर लक्ष्मणगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं, आरोपी ड्राइवर फरार है।

**धमाका सुनकर मौके पर पहुंचे** लोगों ने दो बदमाशों को दबोचा

# कपड़ा शोरूम में फायरिंग, संचालक घायल

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में बुधवार दोपहर को अलग-अलग बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाशों ने कपड़े के शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान शोरूम संचालक दो भाइयों ने बाहर भाग कर जान बचाई। इसके बावजूद बदमाश फायरिंग करते रहे।

इसी दौरान बाजार के दुकानदार लामबंद होकर मुकाबला करने पहुंच गए और दो बदमाशों को दबोच लिया। कपड़ा शोरूम संचालक रिंकू त्यागी ने बताया कि दोपहर को वे शोरूम के अंदर ग्राहकों को कपड़े दिखा रहे थे।



इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर आए करीब आधा दर्जन लोग शोरूम के अंदर घुस गए और रिंकू और रवि दोनों भाइयों के बारे में पूछने लगे। इसी बीच एक बदमाश ने शोरूम में फायरिंग कर दी। शोरूम संचालक दोनों भाई जान बचाने के लिए बाहर भागे। बदमाश ने रिंकू त्यागी को टारगेट कर फिर से फायरिंग कर दी, जिससे रिंकू के पैर में गोली लग गई। फायरिंग से बाजार में सनसनी फैल गई। आस-पास के दुकानदार मौके पर पहुंच गए। लोगों की भीड़ जमा होते देखा बदमाशों के हाथ पैर फूल गए और भागने लगे। एक बदमाश हाथ में कट्टा लेकर बाइक को उठाकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भीड़ ने उसे दबोच लिया।

वहीं एक बदमाश की लाठी-डंडे एवं लात घूंसों से जमकर मौके पर ही धुनाई कर दी। इस तरह से लोगों ने दो बदमाशों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी दुकाने बंद कर आक्रोश जताया।

**नगर निगम दक्षिण ने पेश किया 872.41 करोड़ का बजट**

# विधायक भंसाली और जोशी ने कहा- हवाई बजट, हकीकत पर करें काम

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले की नगर निगम दक्षिण का बुधवार को बजट पारित किया गया। महापैर वनिता सेठ ने 872.41 करोड़ का बजट पारित किया। इसको लेकर बजट बैठक में मौजूद विधायक अतुल भंसाली और देवेंद्र जोशी ने बजट राशि पर सवाल उठाया।

उन्होंने महापौर को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि हवाई बजट पेश न करें, हकीकत पर काम करें। जय श्री राम के नारे से सदन में बजट की शुरुआत हुई। महापौर ने राम के नारे लगाए तब कांग्रेस पार्षदों ने भी नारे लगाए। सदन में दो बार कांग्रेस व भाजपा के पार्षद उलझे लेकिन विधायक देवेन्द्र जोशी ने शांति की अपील से सदन



में शांति हो गई। बजट अभिभाषण में महापौर वनिता सेठ ने निगम उत्तर को कार्यालय खाली करने को कहा। नेता प्रतिपक्ष ने गणपत चौहान ने महापौर से कहा- हमारे लिए भवन बनवा दीजिए। इस पर महापौर ने कहा कि यह ऑर्डर डीएलबी से आता है। निगम दक्षिण के पास रूम कम है और दोनों निगम एक ही भवन में संचालित होने से आम जनता परेशान हो रही है आप अपनी व्यवस्था स्वयं करें। विधायक भंसाली व जोशी ने 872.41 करोड़ का बजट और इतना कार्य नहीं हुआ तो सभी की छवि धुमिल होगी।

उन्होंने कहा कि झूठा बजट पेश करना बंद करें। आठ सौ करोड़ का बजट पास कर रहे हैं और शहर पर खर्च की बात आएगी, तब इसका आधा भी खर्च नहीं होता। पिछले चार बजट में ही इतना पैसा खर्च नहीं हुआ। आज तक निगम की आय 700 करोड़ नहीं, हुई खर्च कैसे करेंगे? उन्होंने कहा कि निगम भ्रष्टाचार का गढ बन चुका है। विधायक ने कहा कि तीन दिन से जानकारी मांग रहे है आपके अधिकारी नहीं दे रहे। इस पर महापौर ने सीओ को जानकारी देने के निर्देश दिए।

### अधिकारी करते हैं ठेकेदारों का संरक्षण

विधायक अतुल भंसाली ने महापौर से कहा कि आपके अधिकारी को काम समझ नहीं आता। आपके अधिकारियों के कारण दो दिन बिना बिजली के रहा हूं। ठेकेदार का संरक्षण का काम निगम के अधिकारी करते है। उन्होंने कहा कि विधायक के कहने पर भी नेहरु पार्क का ताला नहीं खोलते। शहर के सभी पार्क पर ताले लगे है। अधिकारी चाबी अपने पास रखते है। सदन में बनाड़ में ट्रेन से कट कर दो बच्चों की मौत की घटना पर चर्चा हुई। पार्षद प्रदीप बेनिवाल और कांग्रेस पार्षद ने पालतु डॉग के निगम में रजिस्ट्रेशन की मांग उठाई। प्रदीप बेनिवाल ने अवैध मीट शॉप को लेकर भी जानकारी दी और बंद करवाने की बात कही।

### बड़े अतिक्रमियों पर करें कार्रवाई

विधायक देवेन्द्र जोशी ने कहा कि गरीब पर कार्रवाई से अच्छा है कि करोड़ो रुपए के जो अतिक्रमण हो रहे है उस पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि हम निगम के काम में पारदर्शिता नहीं लाना चाह रहे है ऐसा क्यों है। कब तक जनता के साथ विश्वास घात होगा। निगम में पारदर्शिता के साथ काम होना चाहिए। उन्होंने बजट को भी हवाई नहीं बनाने का निर्देश दिए। कहा जब काम नहीं होता तो जनता निराश होती है। विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि सार्थक चर्चा हो तभी शहर को विकास की दशा मिलेगी।

### महापुरुषों के नाम से बनें मार्ग

विधायक भंसाली ने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के महापुरुषों के नाम पर भी मार्ग बने। भेरोसिंह शेखावत, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम से मार्ग बने। बजट से पूर्व विधायक स्व. कैलाश भंसाली मार्ग, डॉ. गोवर्धन लाल परासर मार्ग, भामाशाह सेठ बद्रीदास मूंदडा मार्ग, सेठ बद्रीदास मूंदडा मार्ग, जेठमल अग्रवाल मार्ग और रामप्रसाद दाधीच मार्ग का अनुमोदन स्वीकृत किया गया। बजट में जोधपुर में भूमिगत गैस लाइन डालने की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई

### MLA से मांगी विकास कार्यों के लिए राशि

नेता प्रतिपक्ष गणपत चौहान ने विधायक भंसाली और जोशी से कहा कि आप डवलपमेंट कार्य के लिए निगम में बजट दीजिए। इस पर अतुल भंसाली बोले क्वालिटी के चक्कर में हम निगम को पैसा नहीं देते। महापौर बोली क्वालिटी तो पीडब्ल्यूडी से अच्छी निगम की है, आप सड़कें देख लें। नेता प्रतिपक्ष चौहाने ने कहा कि एमएलडी कोटा हमें दिए जाए। इस पर अतुल भंसाली ने कहा कि अगर डवलपमेंट में 25 प्रतिशत पैसा नगर निगम खर्च करेगा तो हम दोनों विधायक 75 प्रतिशत पैसा देंगे और आपको एजेंसी बनाएंगे। इस पर सदन में पार्षदों ने टेबले बजा कर प्रस्ताव का स्वागत किया।

## सुबोध महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन

# 'नॉट मी, बट यू' के संदेश के साथ सेवा में जुटीं स्वयंसेविकाएं

बेधड़क | जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर बुधवार को शुरू हुआ। शिविर का प्रारंभ योगाभ्यास के द्वारा हुआ जो संपूर्ण शिविर के दौरान जारी रहेगा। इसके पश्चात राजस्थान पुलिस की निर्भया स्क्वायड की ओर से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एसपी भटनागर तथा जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा थे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विशेष शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी और कहा कि एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवक समूह में रहकर सामुदायिक भागीदारी का कौशल हासिल करते हैं।

एनएसएस अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा डॉ नेहा वार्ष्णेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विस्तृत




कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ-साथ एनएसएस के उद्देश्य एवं उसके ध्येय वाक्य 'नॉट मी, बट यू' की विस्तृत व्याख्या की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना नागर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की व श्रमदान का कार्य किया। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में लगे पौधों की कटाई-छंटाई कर उनमें पानी डाला।




### राष्ट्रीय एकता के लिए करें काम

क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एसपी भटनागर तथा जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्यों को व्यवहारिक जीवन में लागू करने की सलाह दी और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का ध्येय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारी समझ राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना चाहिए।

## Yuva स्टोरीज



### एनआईए का स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का 49वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। स्थापना दिवस पर प्रो-वाईस चांसलर प्रो. रामकिशोर जोशी ने भगवान धन्वंतरि की पूजा की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की स्थापना 7 फरवरी 1976 को की गई थी। यह संस्थान आयुर्वेद का बहुत ही अग्रणी संस्थान है जो भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक बहुत ही प्रगतिशील यात्रा रही है। आयुर्वेद के माध्यम से संस्थान का शिक्षण कार्यक्रम बहुत ही सफलतापूर्वक चल रहा है, यहां देश के साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी आयुर्वेद चिकित्सा में अध्ययन कर रहे हैं। भारत सरकार ने इस संस्थान की गतिविधियों को देखते हुए मानद विश्वविद्यालय का दर्जा दिया है। इस अवसर पर संस्थान में कार्य करने वाले चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव ए राममूर्ति, संयुक्त निदेशक जेपी शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, समस्त डीन, शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



### ICAI और NACIN के बीच एमओयू

**जयपुर।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) जयपुर शाखा और नेशनल एकेडमी ऑफ कस्टम्स, इनडायरेक्ट टैक्स एंड नार्कोटिक्स, जोनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, भारत सरकार (NA-CIN) के बीच बुधवार को एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (MOU) हस्ताक्षर किया गया। एमओयू आईसीएआई सेंट्रल कॉन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा और प्रिंसिपल एडिशनल डायरेक्टर जनरल, नेशनल एकेडमी ऑफ़ कस्टम्स, इनडायरेक्ट टैक्स एंड नार्कोटिक्स संजय गुप्ता, की उपस्थिति में जयपुर शाखा में हस्ताक्षर हुआ। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया की इस एमओयू का उद्देश्य क्षमता निर्माण, अनुसंधाननीति निर्माण में सहायता प्रदान करना और परामर्श आदि में तकनीकी सहयोग का विस्तार करना है। इस एमओयू के द्वारा आईसीएआई क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से नेशनल एकेडमी ऑफ कस्टम्स, इनडायरेक्ट टैक्स एंड नार्कोटिक्स, भारत सरकार के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगी। प्रशिक्षण मुख्य रूप से जीएसटी कानूनविशिष्ट क्षेत्र/उद्योग के जीएसटी पहलुओं, जीएसटी पूर्वानुमान के साथ वित्तीय विवरण का विश्लेषण, जीएसटी से संबंधित लेखांकन पहलुओं या अन्य किसी विषय पर हो सकता है, जिससे स्थानीय अधिकारियों को नवीनतम और महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्राप्त हो सके।



### आशीर्वाद समारोह में बच्चों को मिले पुरस्कार

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित इण्डिया इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह विद्यालय के ही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित किया गया। विद्यालय निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता और प्रिंसिपल माला अग्निहोत्री ने निवर्तमान बैच को स्मृति चिन्ह देकर आशीर्वाद दिया। भारतीय परिधानों में सजे-धजे विद्यार्थियों ने जब प्रवेश किया तो समूचा सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। इस दौरान आईआईएसियंस ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विचारों की अभिव्यक्ति से हर किसी की आंखों में नई चमक ला दी। विद्यालय के पलों को अविस्मरणीय बनाने के लिए यहां सेल्फी कॉर्नर भी बनाया गया।

## द पैलेस स्कूल में फिल्मिट इंडिया फेस्टिवल

# फिल्मों की भाषा में पढ़ा सांस्कृतिक एकता का पाठ

बेधड़क | जयपुर

द पैलेस स्कूल में जयपुर के 15 अन्य स्कूलों की भागीदारी के साथ इंटेक (INTACH) फिल्मिट इंडिया फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (INTACH) द्वारा समर्थित इस पहल से छात्रों को फिल्मों के माध्यम से सांस्कृतिक समझ और एकता का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यालयों के बीच रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और आपसी तालमेल बनाने के सामूहिक प्रयास को प्रदर्शित किया गया। महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी और बोर्ड सदस्या रमा दत्त, लेखिका एवं इतिहासकार डॉ. रीमा हूजा ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। द पैलेस स्कूल की प्रिंसिपल उर्वशी वर्मन ने छात्रों की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की।





### 'डिवाइन इकोज' को मिला पुरस्कार

छात्रों की प्रतिभा और समर्पण को उजागर करते हुए विद्यालय की एक फिल्म, 'डिवाइन इकोज: द टेल्स ऑफ अंबिकेश्वर टेम्पल' को सर्वश्रेष्ठ दृश्य पुरस्कार मिला और दर्शकों से उत्साहपूर्ण प्रशंसा मिली। इसके अतिरिक्त, द पैलेस स्कूल के प्रोडक्शन, 'फ्रेगरेंस ऑफ इंडिया: अत्तर की महक' को सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




## 'सत्यम' में दिया सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय सड़क सुरक्षा, बुनियादी जीवन समर्थन और CPR पर छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' बुधवार को शुरू हुई। यह दो दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय के सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र, WHO सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल), राजस्थान के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएन पांडे ने प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया व सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली से प्रशिक्षकों की एक टीम भी उपस्थित है।

निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि प्रशिक्षकों के इस प्रशिक्षण से अधिकतम युवाओं को लाभ मिलेगा क्योंकि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में छात्र भी भाग ले रहे हैं। सीईओ एंड वाइस चेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने बताया कि निर्वाण विश्वविद्यालय में संचालित सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सभी के लिए लाभदायक साबित होगी।

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल ने इस कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यशाला सामुदायिक स्वास्थ्य और आपातकालीन देखभाल के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। रजिस्ट्रार प्रो. पीके राघव ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं एक जागरूक और उत्तरदायी युवा समुदाय के निर्माण में सहयोग करती हैं। साथ ही रजिस्ट्रार प्रो. राघव ने सभी सदस्यों तथा आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञपित किया।

## खुशी और उदासी के बीच सीनियर्स ने ली विदाई




**जयपुर।** आंखों में सुनहरे भविष्य के झिलमिलाते ख्वाब और चेहरे पर साथियों से बिछड़ने की उदासी। कुछ ऐसा दृश्य बुधवार को ब्राइटलैंड्स गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में देखने को मिला, जहां छात्राओं, शिक्षकों और प्रबंधन ने बारहवीं कक्षा की छात्राओं को विदाई दी। यह समारोह दोस्तों और शिक्षकों के साथ बिताए समय और खुशी के क्षणों को याद करने का उत्सव था। समारोह की शुरुआत स्कूल गायक मंडली द्वारा एक भावपूर्ण




प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद मधुर, दिल को छू लेने वाले गाने गाए गए।

प्रिंसिपल ने बारहवीं कक्षा की छात्राओं को स्कूल के आदर्श वाक्य 'असतो मा सद्गमय' को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। रीता कपूर ने छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। लीना कुमारी ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उन्हें आगामी सीबीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

हेड गर्ल बलजीत कौर ने अल्मा मेटर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने मनोरंजक समूह नृत्य और गायन प्रस्तुतियां दीं। प्रदर्शन का सभी ने भरपूर आनंद लिया, जिससे पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं।

## आज शुरू होगा एनुअल फेस्ट कॉसमॉस-2024

**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी का तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट कॉसमॉस-2024 गुरुवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में शुरू होगा। उद्घाटन आईआईएसयू के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता करेंगे। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि एनुअल फेस्ट के तीनों दिन कई गतिविधियां होंगी। पहले दिन अल्फाज ओपन माइक, स्टाइल सिंफनी, ग्रुप डांस समेत कई रोचक एक्टिविटी होंगी। दूसरे दिन 9 फरवरी को जुंबा सेशन, कुकरी कॉम्पीटिशन और इंटर इंस्टीट्यूशनल ग्रुप डांस का खास आकर्षण रहेगा।

इसी प्रकार एनुअल फेस्ट के अंतिम दिन 10 फरवरी को शॉर्ट फिल्म कॉम्पीटिशन, कॉसमॉस रील मेकिंग समेत बॉलीवुड क्विज जैसी दिलचस्प एक्टीविटीज होंगी।

**नवाचार** | शिक्षा मंत्री दिलावर ने किया प्रश्न बैंक विमोचन

# बोर्ड स्टूडेंट्स की परीक्षा तैयारी में मदद करेंगे प्रश्न बैंक

बेधड़क | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को शासन सचिवालय में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से तैयार कराए गए 'प्रश्न बैंक' का विमोचन किया। स्कूल शिक्षा विभाग की पहल के तौर पर इस बार प्रदेश में 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं से पहले तैयारी और अभ्यास के लिए अलग-अलग विषयों के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि 'प्रश्न बैंक' के माध्यम से हमारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थी की न केवल अच्छी परीक्षा




तैयारी होगी, बल्कि इस प्रकार के पूर्वाभ्यास से परीक्षाओं में प्रविष्ट होते समय उनका आत्मविश्वास प्रबल रहेगा। वे प्रश्नों का उत्तर तैयार करते हुए बोर्ड परीक्षाओं का गहन अभ्यास कर सकेंगे। यह सभी विद्यार्थियों के लिए एक अच्छा और उपयोगी संग्रह साबित होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि प्रदेश में पहली बार अलग-अलग जिलों के विषय विशेषज्ञों और विषय अध्यापकों का ग्रुप तैयार किया गया और उनके बीच आपस में वृहद स्तर एक्सरसाइज के बाद ये प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार ये प्रश्न बैंक प्रदेश के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को सॉफ्ट कॉपी के साथ-साथ प्रिंटेड फॉर्म में भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस मौके पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक श्री अनिल पालीवाल और उप निदेशक उर्मिला चौधरी सहित परिषद और विभाग के सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 10वीं के 5, 12वीं के लिए 13 विषयों के सेट

प्रश्न बैंकों में कक्षा-10 के विद्यार्थियों के लिए 5 विषय अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन और संस्कृत के प्रेक्टिस सैट जारी किए गए है। इसी प्रकार कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए 13 विषयों हिन्दी, व्यावसायिक अध्ययन, लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनैतिक विज्ञान, हिन्दी साहित्य, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, भूगोल एवं अंग्रेजी के प्रश्न बैंक बनाए गए हैं।

### विद्यार्थियों को मिलेगा यह फायदा

पहले बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों द्वारा पास बुक के माध्यम से रटन अध्ययन किया जाता था, जिससे उनमें विषय की समझ विकसित नहीं हो पा रही थी। इसे देखते हुए इस बार स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर प्रश्न बैंकों के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। प्रश्न बैंक में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रत्येक पाठ से प्रश्नों को शामिल किया गया है। बोर्ड परीक्षा से पहले शेष बचे दिनों में इन प्रश्न बैंकों के माध्यम से विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहायता से पाठ्य पुस्तक में से उत्तर स्वयं तैयार करेंगे। ये पैटर्न विद्यार्थियों में विषय की ठोस समझ विकसित करने के बाद मौलिक प्रकार से अपना जवाब देने की क्षमता और कौशल को बढ़ावा देगा।



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

8 फरवरी
मशहूर-ए-जमाना गजल सिंगर
जगजीत सिंह जयंती

# अपने अंदाज के वाहिद फनकार

'वे अपने अंदाज के वाहिद फनकार थे। अब उनकी टक्कर का कोई दूसरा फनकार नहीं होगा। बतौर कलाकार उन्होंने गजल गायकी को लोगों की जुबान तक पहुंचा दिया। उनकी आवाज में एक बेस था, एक मिठास थी, जो सिर्फ अभ्यास से हासिल नहीं हो सकती।' जगजीत सिंह और उनकी जादुई आवाज, गजल गायकी पर ये खयाल हैं, गुलाम अली के जो खुद इस फन के आला उस्ताद हैं। जब एक आला उस्ताद अपने समकालीन पर इस तरह की टिप्पणी करता है, तो मायने रखती है। वेलवेट वॉयस यानी मखमली आवाज के मालिक और गजल गायकी का एक अनोखा अंदाज जगजीत सिंह को खास बनाता था। उन्होंने अपनी पुर-सोज आवाज में जो भी गाया, उसे अमर कर दिया। देश-दुनिया में लाखों लोग जगजीत सिंह की गजल गायकी के मुरीद थे और आज भी उनका यह जादू कम नहीं हुआ है। उनकी एक नहीं, बल्कि कई ऐसी फ़िल्मी-गैर फिल्मी गजलें हैं जो उनके चाहने वालों के हर दम लबों पर रहती हैं। 'होठों से छू लो तुम मेरा..', 'तुम इतना जो मुस्करा रहे हो', 'झुकी-झुकी सी नजर', 'तुमको देखा तो ये खयाल आया', 'चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो..' वो कागज़ की कश्ती वो बारिश का पानी', 'मैं रोया परदेश में भीगा मां का प्यार', 'सरकती जाए है रुख से नकाब आहिस्ता', 'झूम के जब रिंदों ने पिला दी','होश वालों को खबर क्या, बेखुदी क्या चीज है', 'दुनिया जिसे कहते हैं जादू का खिलौना है', 'हुजूर आपका भी एहतराम करता चलूं', 'जब किसी से कोई गिला रखना सामने अपने आईना रखना', 'गरज बरस प्यासी धरती पर फिर पानी दे मौला' और 'अपनी मर्जी से कहां अपने सफर के हम हैं' जगजीत सिंह की ऐसी नायाब गजलें है, जो बीते पांच दशकों से लोगों की जुबां पर चढ़ी हुई हैं। उनकी मकबूलियत जरा सी भी कम नहीं हुई है। ये जगतजीत ही थे, जिन्होंने हर दौर और हर उम्र के लोगों के दिलों पर अपनी गायकी के गहरे अक्स छोड़े हैं। जगजीत सिंह जैसा कोई दूसरा नहीं। सिर्फ हिंद उपमहाद्वीप में ही नहीं, पूरी दुनिया में उनकी गजलों के चाहने वाले हैं।



8 फरवरी, 1941 को राजस्थान के श्रीगंगानगर में जन्मे जगजीत को उनके वालिद आईएएस अफसर बनाना चाहते थे, मगर उन्हें बचपन से ही मौसीकी से मुहब्बत थी। पंडित छन्नूलाल शर्मा और उस्ताद जमाल खान से उन्होंने शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखीं। राग-रागनियों पर काबू पाया। उर्दू जबान सीखी। ताकि गायकी में तलफ्फुज साफ निकलें। जब नवीं क्लास में थे, तब उन्होंने पहली बार मंच पर गाया। उसके बाद ये सिलसिला शुरू हो गया। पढ़ाई के साथ-साथ जगजीत सिंह का संगीत का सफर चलता रहा। मंजिल-ए-माबूद उनकी एक ही थी, गायन में अपना एक अलग मुकाम बनाना। अपने इस ख्वाब की ताबीर के वास्ते बीती सदी में साठ के दशक में वे मुंबई पहुंचे। मुंबई पहुंचना आसान है, मगर यहां किसी भी मैदान में पैर जमाना मुश्किल। खासतौर पर जब आप फिल्मों में या संगीत में खुद को आजमाना चाहते हो। बहरहाल, अपने ख्वाब को पूरा करने के लिए जगजीत सिंह को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने प्राइवेट पार्टियों और होटलों में फिल्मी नगमे व गजलें गाईं। संगीतकारों और म्यूजिक कंपनियों के चक्कर लगाए। आखिरकार, साल 1976 में चित्रा सिंह के साथ आए 'अनफॉरगेटेबल' एलबम ने उन्हें बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इस एलबम में 'बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी', 'सरकती जाए है रुख से नकाब' और 'दोस्त बन-बन के मिले हैं मुझे मिटाने वाले' समेत दस गजलें थीं और सभी खूब मकबूल हुईं। इस कामयाबी के बाद जगजीत सिंह ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। आगे चलकर चित्रा सिंह, उनकी हमसफर बनीं और उनकी कई एलबम साथ निकले। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के साथ आया उनका एक गैरफिल्मी एलबम 'सजदा' भी हिट हुआ।

गजल एलबम, स्टेज शो की तरह जगजीत को फिल्मों में भी कामयाबी मिली। 'अविष्कार', 'साथ-साथ', 'अर्थ', 'प्रेमगीत' ऐसी फिल्में हैं, जिनकी गजलें खूब पसंद की गईं। 1982 वह साल था, जिसमें 'साथ-साथ' और 'अर्थ' फिल्में आईं। उनकी गजलों का करिश्मा था कि ये दोनों फिल्में सुपरहिट हुईं। उन्होंने कुछ हिंदी और पंजाबी फ़िल्मों में संगीत भी दिया। फ़िल्म 'अर्थ' में जगजीत सिंह को ब्रेक देने वाले निर्देशक महेश भट्ट ने जगजीत सिंह की गायकी के बारे में कहा है, 'उनके संगीत में जो विविधता है, उसमें पूरा हिंदुस्तान बोलता है। बिना भारत की संस्कृति को जाने कोई भी इस तरह से गजलें नहीं गा सकता।' उन्होंने गजल गायकी में देशी वाद्य यंत्रों के साथ गिटार, वायलिन जैसे साज इस्तेमाल कर गजल को हर वर्ग के दिल तक पहुंचाया। उन्हें कई पुरस्कार से नवाजा गया। साल 2003 में वे 'पद्म भूषण' से नवाजे गए। सियासत में भी जगजीत सिंह को चाहने वाले थे। 10 अक्टूबर, 2011 को जगजीत सिंह गजल की महफिल से हमेशा के लिए रुख्सत हो गए और उनके साथ गुजर गया गजल गायकी का एक सुनहरा दौर। आज भले ही गजल गाई जाती है, लेकिन जगजीत के बिना यह महफ़िल कुछ उदास सी है। उनकी आवाज़ हमेशा फिजा में गूंजती रहेगी...

**'तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए।'**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

आखिर कब लेंगी हृदयविदारक घटनाओं से सरकारें सबक

# पटाखा फैक्ट्रियों में खाक होती जिंदगी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> सुरक्षा मानकों की अनदेखी का ही नतीजा है कि देश भर में आग से होने वाली घटनाओं में तेजी आई है और लोगों को अकारण मौत के मुंह में जाना पड़ रहा है। अमूमन माना जाता है कि इस तरह की हृदयविदारक घटनाओं से सरकारें सबक लेंगी और आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करेंगी, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। शायद सरकारें एवं सार्वजनिक संस्थाएं अग्निजनित हादसों को आपदा मानने को तैयार ही नहीं है।

मध्य प्रदेश राज्य के हरदा जिले में मगरथा रोड पर स्थित पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट में ग्यारह लोगों की मौत और पांच दर्जन से अधिक लोगों का बुरी तरह झुलसना रेखांकित करता है कि मौत का सबब बन रहे पटाखा फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा का इंतजाम न के बराबर है। बताया जा रहा है कि आतिशबाजी के लिए घरों में रखे बारूद के संपर्क में आने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पटाखा फैक्ट्री दहक उठी। विस्फोट कितना भीषण था, इसी से समझा जा सकता है कि आग बुझाने के लिए 50 से अधिक दमकलकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

बताया जा रहा है कि पटाखों के धमाके से आसपास के कई घरों को भी क्षति पहुंची है। अच्छी बात है कि राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान के साथ घायलों को उचित इलाज की व्यवस्था कर दी है और जांच के आदेश भी दे दिए हैं। इस बात की जांच आवश्यक कि फैक्ट्री को पटाखा बनाने का लाइसेंस प्राप्त था या नहीं? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह फैक्ट्री अवैध रूप से चलाई जा रही थी। ऐसा इसलिए कि जब भी इस तरह के हादसे होते हैं, तब पता चलता है कि फैक्ट्री अवैध थी। अगर फैक्ट्री को लाइसेंस प्राप्त था तो सवाल यह है कि उसमें सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं था? वहां आग बुझाने वाले उपकरण उपलब्ध क्यों नहीं थे? इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि अगर यह फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही थी, तो उसके संचालन में कहीं स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत तो नहीं थी? ऐसा इसलिए कि उसके सहयोग के बिना अवैध फैक्ट्री चलाई ही नहीं जा सकती। फिलहाल जांच के बाद ही पता चलेगा कि असलियत क्या है, लेकिन इस मामले में जो भी दोषी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब किसी पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से जिंदगी खाक हुई है। याद होगा अभी गत वर्ष में ही तमिलनाडु राज्य के विरुधुनगर के सत्तूर में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई और कई दर्जन लोग बुरी तरह झुलस गए। तमिलनाडु राज्य के ही शिवकाशी के मुदालीपट्टी में भी पटाखे की फैक्ट्री में आग लगने से 54 लोगों की जान चली गई थी। ऐसा ही हादसा 15 सितंबर, 2005 को बिहार राज्य में देखने को मिला जब एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 35 लोगों की जलकर मौत हुई। अभी गत वर्ष पहले पंजाब राज्य के गुरुदासपुर जिले के बटाला की एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में दो दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। जांच के बाद पता चला कि यह फैक्ट्री पिछले 50 वर्षों से अवैध रूप से चल रही थी और जिस वक्त फैक्ट्री में धमाका हुआ, उस समय उसमें 40 लोग काम कर रहे थे। इसी तरह उत्तर प्रदेश राज्य में स्कूटर पर ले जा रहे पटाखे के विस्फोट में दो युवकों की जान चली गई। याद होगा गत वर्ष पहले केरल के पारावुर स्थित पुत्तिंगल देवी मंदिर में आतिशबाजी से लगी आग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की मौत हुई थी और 300 से अधिक लोग बुरी तरह घायल हुए थे। तथ्यों के मुताबिक मंदिर में पटाखा रखने की इजाजत न होने के बावजूद भी वहां पटाखा रखा गया, जिससे विस्फोट हो गया। गत वर्ष उज्जैन जिले के बड़नगर में पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रूप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में 17 लोगों की जान चली गई। सरकार ने जांच कराने की बात कही थी, लेकिन उसका क्या हुआ किसी को पता नहीं। यह पर्याप्त नहीं कि राज्य सरकारें मृतकों और घायलों के परिजनों को मुआवजा थमाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ले। अक्सर देखा जाता है कि जब भी इस तरह के हादसे होते हैं राज्य सरकारें मुआवजा थमाकर संवेदना जाहिर कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेती हैं। सच कहें तो यह एक किस्म से अपनी नाकामी छिपाने का तरीका मात्र है। सरकारों की जिम्मेदारी है कि वह आग से बचाव के लिए ठोस रणनीति बनाएं और सुरक्षा मानकों का पालन कराएं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी का ही नतीजा है कि देश भर में आग से होने वाली घटनाओं में तेजी आई है और लोगों को अकारण मौत के मुंह में जाना पड़ रहा है। अमूमन माना जाता है कि इस तरह की हृदयविदारक घटनाओं से सरकारें सबक लेंगी और आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करेंगी, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। शायद सरकारें एवं सार्वजनिक संस्थाएं अग्निजनित हादसों को आपदा मानने को तैयार ही नहीं है। अन्यथा कोई कारण नहीं कि भीषण अग्निकांड के बाद भी शासन-प्रशासन हाथ पर हाथ धरा बैठा रहे और नए-नए हादसों का इंतजार करे। यहां ध्यान देना होगा कि दीपावली, दशहरा एवं अन्य त्योहारों के निकट आते ही पटाखों से होने वाले हादसों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए कि मुनाफे के लिए अवैध तरीके से पटाखे बनाए जाने लगते हैं। तथ्य यह भी कि पटाखों की फैक्ट्री में विस्फोट से ही केवल लोगों की जिंदगी आग की भेंट नहीं चढ़ रही है, बल्कि पटाखों में इस्तेमाल होने वाले खतरनाक रसायनों के कारण भी आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। इससे सेहत संबंधी समस्याएं गहरा रही हैं। पटाखों के धुएं में नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइ ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, ऐस्बेस्टॉस तत्वों के अलावा जहरीले गैसों के रसायनिक तत्व पाए जाते हैं जो बेहद खतरनाक होते हैं। कफ, अस्थमा, ब्रोकांइटिस, न्यूमोनिया, एम्फिसिया, सिरदर्द, फेफड़ों का कैंसर, आंख में जलन, श्वास नलिका में अवरोध एवं विभिन्न तरह की एलर्जी होती है, चूंकि पटाखों में जहरीले तत्वों की मात्रा अधिक होती है इस वजह से फेफड़ों की क्षमता प्रभावित होती है।

यह कोशिकाओं को समाप्त कर देता है, जिसके कारण फेफड़ों से आक्सीजन ग्रहण करने और कार्बन डाई आक्साइड छोड़ने में बाधा आती है। जहरीले पटाखों के कारण शरीर में बैक्टीरिया और वायरस के संक्रमण की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण की समस्या भी बढ़ जाती है। इस दौरान आवाज का स्तर 15 डेसीबल बढ़ जाता है, जिसके कारण श्रवण क्षमता प्रभावित होने, कान के पर्दे फटने, रक्तचाप बढ़ने, दिल के दौरे पड़ने जैसी समस्याएं उत्पन हो जाती हैं। गौर करें तो विगत वर्षों में वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा घटी है और दूषित गैसों की मात्रा बढ़ी है। कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा में तकरीबन 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे न केवल कई तरह की बीमारियों में इजाफा हुआ है, बल्कि खतरनाक स्तर पर वातावरण भी प्रदूषित हुआ है। इस प्रदूषण से मानव समाज को नुकसान तो पहुंच ही रहा है। साथ ही, प्रकृति के अस्तित्व के को भी चुनौती मिल रही है। प्रदूषित वायुमंडल से जब भी वर्षा होती है प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिलकर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मृदा को प्रदूषित कर देते हैं। अम्लीय वर्षा का जलीय तंत्र समष्टि पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। नार्वे, स्वीडन, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका की महान झीलें अम्लीय वर्षा से प्रभावित हैं। अम्लीय वर्षा वनों को भी बड़े पैमाने पर नष्ट कर रहा है। यूरोप महाद्वीप में अम्लीय वर्षा के कारण 60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र वन नष्ट हो चुके हैं। ओजोन गैस की परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करती है, में वायुमंडल के दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंचा है। वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासतों पर भी पड़ रहा है। शोध में यह पाया गया है कि शिमला, हसन, मंगलौर, मैसूर, कोट्टयम और मदुरै जैसे विरासती शहरों में पार्टिकुलेट मैटर पॉल्यूशन राष्ट्रीय मानक 60 माइक्रोग्राम क्यूबिक मीटर से भी अधिक हो गया है। बेहतर होगा कि सरकार अवैध रूप से चल रही पटाखों की फैक्ट्री पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उसे बंद कराए और दोषियों को दंडित करे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**



---

**व्यंग्य**

# कानून करे काम तो कइयों के काम तमाम



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

यकीन मानिए, कानून भी अपना काम करता है, बशर्ते कि उसे काम करने दिया जाए। देश-प्रदेश में जब दिग्गजों की धरपकड़ का सिलसिला परवान चढ़ता है, तब ही पता लगता है कि कानून अपना काम कर रहा है। अन्यथा धनबल और बाहुबल के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण के दबाव और प्रभाव के चलते तमाम कानूनों को भी चलता कर दिया जाता है। हमारे यहां संवैधानिक रूप से हर एक अपराध के लिए सजा के विभिन्न प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। आमतौर पर जिसका क्रियान्वयन बिना सुदृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के नहीं हो पाता है। देव योग से जब कोई दूध का धुला सत्ता में आता है, कानून से खिलवाड़ करने वालों का पत्ता कटने लगता है।

वैसे कानून के काम करने का कोई विशिष्ट अवसर भी हुआ करता है, जिसकी पहचान सुनिश्चित करते हुए उसको अपना काम करने का संकेत मिल जाता है। वैसे ऐसा संकेत कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत ही होता है, इसलिए इसके क्रियान्वयन पर अधिक सवाल नहीं उठाए जाते। वैसे भी जनता जनार्दन कानून को अपना काम करते देखकर सुराज की परिकल्पना में कहीं खो जाया करती है। आम आदमी के हिस्से में ऐसी तमाम कार्रवाइयों के चलते ताली बजाने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग भी होता नहीं है। वर्ना शेष समय में छाती पीटने के अतिरिक्त अन्य कोई चारा भी तो नहीं होता। यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि कानून के काम करने का कुल जमा 'अंजाम' आखिर मूर्त रूप कब लेगा?

कानून हाथ में लेने वाले वक्ती तौर पर चाहे कानून के कान मरोड़ने में सफल सिद्ध हो जाए, लेकिन एक वक्त ऐसा भी आता है जब ऊंट पहाड़ के नीचे आ जाता है। यह एक विडंबना ही है कि बिना राजनीतिक संरक्षण के कोई भी शख्सियत लंबे समय तक कानून के कान नहीं पकड़े रह सकती। ऐसे संरक्षण के अभाव में कानून कब अपना कमाल दिखा जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। एक प्रकार से कानून की राह में राजनीतिक संरक्षण गति अवरोधक का कार्य करता है। यूं भी राजनीति ही ऐसा कवच है जिसकी ओट में तमाम गैर कानूनी करतबों को अंजाम दिया जा सकता है। इस समय सारे के सारे ऊंट पहाड़ के निशाने पर आ रहे हैं।

हमारे मालवा में कहा जाता है कि सेर को सवा सेर मिलता ही है। इस आधार पर तमाम काला पीला करने वाले सफेदी की चमकार के सामने टिक नहीं पा रहे। वैसे कभी-कभी ऐसा भी होता है कि पहाड़ के कोने में दुबक कर कोई ऊंट पहाड़ का हिस्सा बन जाए, जिसके चलते उसे कुछ अंशों तक अभय दान मिल सके। वैसे भी तमाम दल बदल विरोधी कानून के बावजूद देश-प्रदेश की राजनीति में आयाराम-गयाराम का सिलसिला कोई जड़ मूल से समाप्त नहीं हो गया है। गोया कि कल तक स्वच्छंद बिछड़ते बेलगाम ऊंट पाला बदलकर अपने सुरक्षित एवं संरक्षित भविष्य की कामना कर सकते हैं।

---



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
युवा, महिला, गरीब और हमारे अन्नदाता, इन चार स्तंभों के मजबूत होने से देश तेजी से विकसित भारत की ओर आगे बढ़ेगा।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
अगर लोगों के हक़ और उनकी हिस्सेदारी के साथ अन्याय होगा, तो भारत जुड़ेगा कैसे?



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप किसी भी चीज़ से तादात्म्य नहीं रखते हैं, तो आपका मन बड़े मन, ब्रह्मांड, या आप कह सकते हैं कि ईश्वर का हिस्सा बन जाएगा।

---

**नॉलेज कॉर्नर:** समान नागरिक संहिता देश में लागू होने के आसार

# यूसीसी से कितनी बदलेगी आम जिंदगी

उत्तराखंड विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) यानि समान नागरिक संहिता बिल पास हो गया। इसी के साथ यह कानून लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। हालांकि गोवा में यूसीसी का मिलता जूलता कानून का रूप भी है। बता दें कि भाजपा 2014 में सरकार बनने से ही UCC को संसद में कानून बनाने पर जोर दे रही है। यह मुद्दा उसके 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र का हिस्सा भी था। 2024 लोकसभा चुनाव आने से पहले इस मुद्दे को बीजेपी और जोर दे रही है। इसी बीच सबके मन में यह सवाल भी है आखिर यूसीसी उस राज्य लागू होने से क्या होगा और यह देशभर में लागू हुआ तो से आम लोगों पर क्या असर पडेगा। यह सब जानते आज के नॉलेज कॉर्नर में।

## क्या है यूसीसी

यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है। आसान भाषा में बताया जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदाओं के लिए कानून एक समान होगा। सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने के नियम एक ही होंगे। यह संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है। इसमें कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। यह मुद्दा एक सदी से भी ज्यादा समय से राजनीतिक नरेटिव और बहस के केंद्र बना हुआ है और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के लिए प्राथमिकता का एजेंडा रहा है। 2024 चुनाव आने से पहले इस मुद्दे ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है।




## कहां से आया यूसीसी

UCC का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। समान नागरिक कानून का जिक्र 1835 में ब्रिटिश सरकार की एक रिपोर्ट में भी किया गया था। इसमें कहा गया था कि अपराधों, सबूतों और ठेके जैसे मुद्दों पर समान कानून लागू करने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में हिंदू-मुसलमानों के धार्मिक कानूनों से छेड़छाड़ की बात नहीं की गई है। हालांकि, 1941 में हिंदू कानून पर संहिता बनाने के लिए बीएन राव समिति का गठन किया गया. राव समिति की सिफारिश पर 1956 में हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और सिखों के उत्तराधिकार मामलों को सुलझाने के लिए हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम विधेयक को अपनाया गया। हालांकि, मुस्लिम, ईसाई और पारसियों लोगों के लिये अलग कानून रखे गए थे।

**देश में पहले से लागू है गोवा में**

*देश में एक शहर ऐसा भी है जहां आज या कल से नहीं बल्कि लगभग 150 साल पहले UCC लाया गया था। वर्तमान में, गोवा भारत का एकमात्र राज्य है जहां समान नागरिक संहिता है। इस संहिता की जड़ें 1867 के पुर्तगाली नागरिक संहिता में मिलती हैं, जिसे पुर्तगालियों द्वारा लागू किया गया था।*

*कंटेंट: बजरंग बुनकर*

### 19 फरवरी को आयोजित होगा भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह

# संभल स्थित कल्कि धाम आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**बेधड़क** | संभल

संभल जिले के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम का भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह आगामी 19 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सान्निध्य में यह कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियां यहां शुरू हो गई हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री आनंदम धाम के पीठाधीश्वर सदगुरु ऋतेश्वर महाराज ने श्रद्धालुओं का समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है। कल्कि धाम का भूमिपूजन व शिलान्यास श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के अथक प्रयास से सुनिश्चित हुआ है।

यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब हिंदुस्तान की आत्मा, हमारी आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम के आगमन पर जहां पूरा विश्व आनंदमय है और जन जन में उमंग, उत्साह भरा हुआ है। पुराणों में भगवान कल्कि को विष्णु का दशम अवतार माना गया है।




आचार्य प्रमोद कृष्णम और श्री आनंदम धाम के पीठाधीश्वर सदगुरु ऋतेश्वर महाराज।



## हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि पांच दिन बढ़ी



**रांची।** जमीन घोटाले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट में बुधवार को फिर पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट से सोरेन से पूछताछ के लिए रिमांड अवधि 7 दिन और बढ़ाने की मांग की। लेकिन अदालत ने सिर्फ पांच दिन और रिमांड की अनुमति दी गई। इससे पहले सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनसे ईडी दफ्तर में बुधवार सुबह 15 मिनट की मुलाकात की। इसके बाद सोरेन को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच हेमंत सोरेन जब ईडी के स्पेशल कोर्ट पहुंचे, तो उन्होंने अपने समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।

## श्रीराम के बुलावे पर जाएंगे अयोध्या: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों, विधानसभा और विधान परिषद सदस्यों के 11 फरवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शन को लेकर राजनीतिक दलों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जब सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अखिलेश यादव से पूछा तो उन्होंने कहा कि हम आपके बुलावे पर नहीं, भगवान राम के बुलावे पर अयोध्या जाएंगे। विधान भवन में बुधवार को मीडिया की ओर से इस बारे में पूछने पर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के साथ अयोध्या जाने का कोई औचित्य नहीं है। हमें 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी आमंत्रित नहीं किया गया था। न रघुराज प्रताप सिंह ने कहा कि सभी दलों के विधायकों को अयोध्या जाना चाहिए।

### बिहार के सीएम की पीएम मोदी, शाह व नड्डा से मुलाकात

# हम पहले भी साथ थे, अब इधर ही रहेंगे, कहीं नहीं जाएंगे: नीतीश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापसी और भाजपा के साथ मिलकर बिहार के मुख्यमंत्री पद की फिर शपथ लेने के बाद यह नीतीश की पीएम मोदी से पहली मुलाकात थी। इससे पहले सितंबर 2023 में पीएम मोदी और नीतीश कुमार मिले थे। उस वक्त बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। पीएम मोदी के साथ बैठक के बाद नीतीश कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। नड्डा से मिलने नीतीश उनके आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने पत्रकारों से भी बात की। बताया जा रहा है कि उन्होंने बिहार से संबंधित शासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हो गई। हम लोग जो पहले भी साथ में थे, बीच में 2 बार इधर-उधर हो गए लेकिन अब हम इधर ही रहेंगे।



### ई सब कौनो बात करने का चीज है

पत्रकारों ने जब सीट शेयरिंग को लेकर सवाल किया तो नीतीश कुमार ने अपने अंदाज में कहा कि ई सब कौनो बात करने का चीज है। ऊ सब तो पहले से ही सभी लोगों को पता है। नीतीश कुमार बयान से ऐसा लग रहा था कि भाजपा आलाकमान की ओर से हरी झंडी मिल गई है। यही कारण है कि नीतीश कुमार आत्म विश्वास से भरे में दिख रहे थे। नीतीश के साथ रहे संजय झा ने कहा कि समय आने पर सब बता दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि नीतीश कुमार 28 जनवरी को विपक्षी गठबंधन इंडिया से नाता तोड़कर राजग में लौट गए थे। बिहार में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद पहली बार दिल्ली दौरे पर आएं है। नीतीश कुमार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलेंगे। नीतीश कुमार से पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी।

### होना है सीटों का बंटवारा

लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राजग में सीटों का बंटवारा भी होना है। पिछले लोकसभा चुनाव में जेडीयू और भाजपा ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। जेडीयू और बीजेपी ने 17-17 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। भाजपा को 17 और जदयू को 16 सीटों पर जीत मिली थी। बिहार के सीएम नीतीश केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं।

### बिहार: विधानसभा अध्यक्ष चौधरी का इस्तीफा देने से इनकार, टकराव के आसार

पटना: बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुये यह स्पष्ट कर दिया कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। ज्ञात रहे कि इसी दिन विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। हालांकि, विधानसभा उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू के नेता महेश्वर हजारी ने कहा कि चौधरी को अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर सदन की कार्यवाही संचालित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के मुताबिक सदन की कार्यवाही चलाऊंगा। महागठबंधन से प्रदेश में सत्ता छीनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लंबित होने पर कोई भी अध्यक्ष कुर्सी पर नहीं रह सकता।

### पीएम मोदी के भाषण पर बोले खरगे

# मुद्दों पर नहीं बात, सिर्फ झूठ फैलाने पर काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर कांग्रेस और यूपीए के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में पीएम मोदी का पूरा भाषण केवल कांग्रेस की आलोचना पर केंद्रित था और उन्होंने देश के कई मुद्दों पर बात करना भी जरूरी नहीं समझा। देश में बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और आर्थिक असमानता अपने चरम पर है। उन्होंने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग संविधान पर भरोसा नहीं करते हैं। वे कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल उठा रहे हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए थे।

खरगे ने कहा कि दोनों सदनों में अपने भाषण में पीएम ने सिर्फ कांग्रेस को ही निशाने पर रखा। पिछले 10 साल से वे केंद्र में है, लेकिन उस पर बातची के बजाए उन्होंने कांग्रेस पार्टी की आलोचना बेहतर समझा। सदन में न तो उन्होंने जनमानस से जुड़े मुद्दों पर बात की और न ही महंगाई और बेरोजगारी पर। खरगे ने कहा कि एनडीए का मतलब ही ये है कि 'कोई डेटा नहीं'। उनके पास न तो रोजगार डेटा,



न उनके पास स्वास्थ्य सर्वेक्षण से जुड़ा डेटा है। उसका कारण है कि सरकार सभी आंकड़ों को छिपाती है और झूठ फैलाने का काम करती है। मोदी की गारंटी सिर्फ झूठ फैलाने के लिए है।

उन्होंने कहा कि यूपीए शासन के दौरान बेरोजगारी दर 2.2 प्रतिशत थी। लेकिन उनके कार्यकराल में 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यूपीए शासन के 10 साल के दौरान औसत जीडीपी विकास दर 8.13 प्रतिशत थी और लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान यह केवल 5.6 प्रतिशत ही क्यों है।

उन्होंने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि विश्व बैंक के मुताबिक, भारत 2011 में ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था। यूपीए कार्यकाल में 14 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। लेकिन पीएम मोदी ये नहीं बताएंगे, क्योंकि वह भाषण के जरिए केवल झूठ फैलाने का काम करते हैं।

### चिंता: अवसरवादी नेताओं के सत्ताधारी दल से जुड़ना चिंताजनक

# अच्छा काम करने वाले का सम्मान नहीं होता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अवसरवादी नेताओं के सत्तारूढ़ दल से जुड़ना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

उन्होंने साथ ही कहा कि ऐसे कुछ नेता जरूर हैं जो अपनी विचारधारा के साथ मजबूती से खड़े हैं लेकिन ऐसे नेताओं की संख्या में कमी आ रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि विचारधारा में आ रही गिरावट भी लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। गडकरी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि मैं हमेशा मजाक में कहता हूं कि चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो एक



चीज तो तय है कि जो अच्छा काम करता है उसे कभी सम्मान नहीं मिलता और जो बुरा काम करता है उसे कभी सजा नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि हमारी बहसों और चर्चाओं में मतभेद हमारी समस्या नहीं है।

### गडकरी ने की लालू यादव की प्रशंसा

गडकरी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की वक्तृत्व कला की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस के व्यवहार, सादगी और व्यक्तित्व से भी बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी के बाद मैं जिस व्यक्ति से सबसे ज्यादा प्रभावित था, वह जॉर्ज फर्नांडीस थे।

### निर्वाचन क्षेत्रों में किए काम से मिलता है राजनेताओं को सम्मान

गडकरी ने कहा कि राजनेता आते-जाते रहते हैं लेकिन उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों के लिए जो काम किया है वह अंततः मायने रखता है और उन्हें सम्मान दिलाता है। उन्होंने कहा, प्रचार और लोकप्रियता जरूरी है लेकिन वे संसद में क्या बोलते हैं, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के लिए कैसे काम करते हैं।

### चुनाव आयोग से मिला नया नाम

# शरद पवार नीत पार्टी अब होगी राकांपा ( शरद चंद्र पवार)

**एजेंसी** | मुंबई

चुनाव आयोग ने बुधवार को शरद पवार गुट के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। चुनाव आयोग ने शरद पवार नीत गुट से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके।

इस पर शरद पवार नीत गुट ने आयोग को तीन नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया था। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

चुनाव आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए शरद पवार गुट को विशेष छूट दी थी।

इसके तहत शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी के एक नाम का दावा करने को कहा था। इसके लिए बुधवार दोपहर तक तीन नए नाम देने को कहा था।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

इस बीच, शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट ने बुधवार को कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी अजित पवार गुट को असली पार्टी के रूप में मान्यता देने और उसे 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग का आदेश कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ है, जो विवाद की स्थिति में विधायक दल के बजाय एक राजनीतिक दल को महत्व देता है।

### यूपी: अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोले सीएम योगी

# बहुसंख्यकों ने सिर्फ तीन स्थान मांगे थे, काशी-मथुरा को नहीं भूल सकते

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दल लोकसभा चुनावों के लिए सियासी समीकरण साधने में जुटे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान इन्हीं सियासी समीकरणों को धार देते नजर आए। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि पांडवों ने कौरवों से सिर्फ पांच गांवों की मांग की थी पर वो नहीं दिए गए। देश का बहुसंख्यक समाज तो सिर्फ तीन स्थानों की मांग कर रहा था उसके लिए उसे गिड़गिड़ाना पड़ा। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। काशी और मथुरा को हम कैसे भूल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये काम तो आजादी के बाद ही हो जाना चाहिए था पर वोट बैंक के लिए लोक आस्था के इन स्थानों से दूरी बनाकर रखी गई।

योगी ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। इसके जरिये भारत के गौरव की पुनःप्रतिष्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। हमें खुशी है कि हमने अपना वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया। हम सिर्फ कहते नहीं हैं बल्कि करके दिखाते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या के साथ



अन्याय हुआ। वहां के लोगों के साथ अन्याय हुआ है। मंदिर का मामला तो न्यायालय में था तो क्या वहां सड़क और बिजली नहीं दी जा सकती थी। क्या सरयू के घाटों की सफाई नहीं की जा सकती थी लेकिन अयोध्या को कुत्सित मंशा के कारण अभिशप्त रखा गया।

### मैं प्रदेश के हर जनपद में गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके काम किया। हम लोग अयोध्या भी गए और प्रदेश के हर जनपद गए। अगर मैं अयोध्या और काशी गया हूं तो नोएडा और बिजनौर भी गया। अयोध्या और काशी को इसलिए अभिशप्त कर दिया गया क्योंकि वोट बैंक कट जाएगा। नोएडा और बिजनौर इसलिए नहीं जाते थे, क्योंकि वहां से कुर्सी से उतर जाएंगे।

### अखिलेश-जयंत के बीच दूरी बढ़ने के कयास

# सियासी समीकरण बदलने की तैयारी

**एजेंसी** | बागपत

उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी बातचीत के बीच राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी के बीच दूरी बढ़ने की अटकलें शुरू हो गई हैं। माना जा रहा है कि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी और अखिलेश में सीटों के सवाल पर पेंच फंसा हुआ हैं। खबर है कि जयंत चौधरी ने दिल्ली में भाजपा नेताओं से मुलाकात की है। इससे जयंत के राजग में जाने के कयास शुरू हो गए हैं। इन कयासों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी बहुत सुलझे हुए इंसान हैं। वो बहुत पढ़े लिखे हैं। वे राजनीति को समझते हैं। मुझे उम्मीद है कि किसानों की लड़ाई के लिए जो संघर्ष चल रहा है, वे उसे कमजोर नहीं होने देंगे। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जयंत चौधरी हमारे साथ हैं।

### यह पश्चिम उत्तर प्रदेश का गणित

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 27 सीटें हैं। पिछले चुनाव में इसमें से भाजपा 19 ,सपा 4 और बसपा 4 सीटों पर जीती थी. सूत्रों का दावा है कि जयंत चौधरी गठबंधन के लिए भाजपा से बातचीत कर रहे हैं। दावा है कि भाजपा और रालोद की 3 से 4 सीटों पर बात चल रही है।

## जरूरी खबर

### 'पाकिस्तान के साथ कुछ व्यापार वायु-समुद्र मार्ग से



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत ने एकतरफा तौर पर सीमावर्ती रास्ते से सभी प्रकार का कारोबार बंद कर दिया है, लेकिन थोड़ा व्यापार अभी भी पड़ोसी देश से जल मार्ग और वायु मार्ग से होता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि अब यह पाकिस्तान की जिम्मेदारी है कि वह अपने देश के रास्ते भारतीय वस्तुओं को मध्य एशियाई देशों में जाने दे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से समुद्र और वायुमार्ग से होने वाला कारोबार जवाहरलाल नेहरु पोर्ट ट्रस्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो, तुगलकाबाद, मुंद्रा सेज, एयर कारगो काम्प्लेक्स मुंबई और एयर कारगो काम्प्लेक्स हैदराबाद आदि के मार्फत होता है।

### BRO: अनुग्रह राशि भुगतान का रास्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अस्थाई कामगारों के लिए खुशखबरी दी है। रक्षा मंत्री ने उनके लिए अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए 179 दिन के प्रावधान में छूट को मंजूरी दी है। अभी तक प्रावधान था कि जिन अस्थाई कामगारों ने कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें किसी दुर्घटना के समय पांच लाख रुपए तक की अनुग्रह राशि के लिए कवर किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीआरओ या जनरल इंजीनियरिंग रिजर्व फोर्स में काम करने वाले अस्थाई मजदूरों को अनुग्रह राशि के भुगतान को मंजूरी दी है।

### नहीं किया जाए वादियों की जाति-धर्म का जिक्र: SC

**नई दिल्ली।** अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख बंद कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट सख्त है। हाल ही में शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इस संबंध में निर्देश दिया था। अब एक बार फिर शीर्ष अदालत ने एक सर्कुलर जारी कर सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को इस बाबत अपने 10 जनवरी के आदेश का पालन करने का आदेश दिया है। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन जैसे बार निकायों के सदस्यों से भी निर्देशों का ध्यान रखने को कहा है।

## राष्ट्रपति ने किया मेट्रो में सफर





*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय से मेट्रो में सवार हुईं। उन्होंने मेट्रो से नेहरू प्लेस तक का सफर तय किया।इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत भी। इससे पहले, राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय पर मेट्रो के परिचालन का जायजा भी लिया। चित्र में मेट्रो में सफर के लिए जातीं राष्ट्रपति और सफर के दौरान छात्राओं से चर्चा।*

### श्रीनगर: आतंकियों का हमला, 1 जने की हत्या



श्रीनगर। श्रीनगर में आतंकवादियों ने आम लोगों पर फायरिंग की है। इसमें अमृतसर के रहने वाले एक व्यक्ति अमृतपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक अमृतपाल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक, आतंकवादियों ने शहीद गूंज श्रीनगर में एक गैर-स्थानीय व्यक्ति पर आतंकियों ने गोलीबारी की। जिसमें अमृतपाल की मौत हो गई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अमृतपाल सिंह की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

केरल की याचिका पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल...

# राज्यों का अनियंत्रित कर्ज क्रेडिट रेटिंग को करता है प्रभावित

- कर्ज चुकाने में विफल रहने से वित्तीय स्थिरता पड़ सकती है खतरे में

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यों के लिए ऋण लेने की सीमा निर्धारित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्यों द्वारा अनियंत्रित उधार लेने से समूचे देश की क्रेडिट रेटिंग और वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी। कर्ज सीमा तय करने खिलाफ केरल की याचिका पर दाखिल जवाब में केंद्र ने यह भी कहा कि राज्य की राजकोषीय स्थिति में कई खामियां पाई गई हैं।

शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल हलफनामे में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने दलील दी कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन एक राष्ट्रीय मुद्दा है।



वेंकटरमणी ने कहा कि अगर राज्य गैर उत्पादक व्यय या खराब लक्षित सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अनियंत्रित तरीके से उधार लेते हैं तो यह निजी उधार को बाजार से बाहर कर देगा। हलफमाने में बताया गया, राज्यों के ऋण देश की क्रेडिट रेटिंग को प्रभावित करती है। इसके अलावा अगर कोई राज्य कर्ज चुकाने में विफल रहता है तो प्रतिष्ठा संबंधी समस्याएं पैदी होगी और इससे पूरे भारत की वित्तीय स्थिरता खतरे में पड़ेगी।

### लेनी होती है केंद्र सरकार की मंजूरी

वेंकटरमणी ने जिक्र किया कि सभी राज्यों को किसी भी जरिए से उधार लेने पर केंद्र सरकार से मंजूरी लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अनुमति देते समय पूरे देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता के समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखती है और अनुच्छेद 293(4) के तहत इसकी अनुमति मांगने वाले राज्य के लिए उधार लेने की सीमा तय करती है। उन्होंने कहा कि राज्यों की उधार सीमा वित्त आयोग की सिफारिशों द्वारा निर्देशित गैर-भेदभावपूर्ण और पारदर्शी तरीके से तय की जाती है।

### निजी उद्योगों की ऋण लागत बढ़ जाएगी

अर्टानी जनरल ने कहा कि अनियंत्रित ऋण से निजी उद्योगों की ऋण लागत बढ़ जाएगी और इससे बाजार में वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन और आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हलफनामे के मुताबिक, अधिक ऋण लेने के परिणामस्वरूप राज्य की ऋण भुगतान देनदारियों में वृद्धि होगी और विकास कार्यों के लिए धन की उपलब्धता कम हो जाएगी, जिससे लोगों का विकास बाधित होगा और राज्य की आय को हानि पहुंचेगी। इससे राष्ट्रीय आय की भी हानि होगी। विभिन्न सामाजिक और अन्य समस्याएं भी पैदा हो सकती है।

अरविंद केजरीवाल को झटका

# ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने किया तलब

एजेंसी | नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अनदेखी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब राउज एवेन्यू कोर्ट ने तलब किया है। कोर्ट ने उन्हें 17 फरवरी को अदालत में आकर अपना पक्ष रखने को कहा है। केजरीवाल के बार-बार समन को नजरअंदाज किए जाने के बाद 3 फरवरी को ईडी ने अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त मुख्य मेटोपोलिटन मजिस्ट्रेट एमएम दिव्या मल्होत्रा ने बुधवार सुबह दलीलें पूरी होने के बाद केजरीवाल को समन जारी किया। उन्होंने कहा, शिकायत का संज्ञान लिया जा रहा है और उन्हें 17 फरवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि केजरीवाल पांच बार ईडी के समन की अनदेखी कर चुके हैं।

कोर्ट की ओर से केजरीवाल को जारी नोटिस पर आम आदमी



पार्टी ने कहा है कि कोर्ट के आदेश का अध्ययन कर रहे हैं। कानून के मुताबिक कदम उठायेंगे। हम कोर्ट को बताएंगे कैसे ईडी के सभी समन गैरकानूनी थे। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और विजय नायर भी शामिल हैं।

आरोप है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए कुछ कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी इन आरोपों का बार-बार खंडन करती रही है।

SC ने अविवाहित महिला को सरोगेसी से मां बनने की नहीं दी इजाजत, कहा...

# शादी की संस्था को बचाए रखना जरूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को देश के भीतर विवाह की संस्था को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए एक अविवाहित महिला को सरोगेसी के जरिए मां बनने की इजाजत देने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, भारत में अकेली महिला का शादी के बाहर बच्चा पैदा करना आम नहीं है, बल्कि ये एक खास मामला है। सरोगेसी कानून के तहत यह इजाजत नहीं है। देश में शादी की संस्था को बचाना जरूरी है। हम पश्चिमी देशों की तरह नहीं



हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ए जार्ज मसीह की बेंच ने कहा कि देश में शादी को एक संस्था के रूप में बचाए और बनाए रखना जरूरी है। इसे पश्चिमी देशों की राह पर नहीं जाने देना चाहिए, जहां शादी के बाहर बच्चे पैदा होना आम है। आप हमें पुराने ख्यालों वाले कह सकते हैं, लेकिन देश में शादी की संस्था को बचाना जरूरी है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि, हमारे देश में शादी करके ही मां बनना आम बात है। शादी के बाहर मां बनना सामान्य नहीं है। बच्चे की भलाई को देखते हुए हम इस बारे में सोच रहे हैं। आखिरकार, देश में शादी की संस्था चलनी चाहिए या नहीं? हम पश्चिमी देशों की तरह नहीं हैं। दरअसल एक विदेशी कंपनी में काम करने वाली महिला ने याचिका में कहा था कि सरोगेसी कानून सही नहीं है, इस कानून के मुताबिक, सिर्फ 35 से 45 साल की विधवा या तलाकशुदा महिला ही सरोगेसी से मां बन सकती हैं। अविवाहित महिलाओं को यह अधिकार नहीं दिया गया है। महिला ने कानून को गलत बताते हुए कहा कि यह भेदभावपूर्ण है क्योंकि एक अविवाहित महिला कानून के मुताबिक योग्य बनने के लिए शादी करके तलाक ले सकती है।

याचिका में कहा गया है कि यह पाबंदियां पूरी तरह से भेदभावपूर्ण हैं और इनका कोई तर्कसंगत आधार नहीं है। यह पाबंदियां न केवल याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं, बल्कि व्यक्ति के परिवार बनाने के मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करती हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री भट्ट की सऊदी मंत्री से भेंट



*नई दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सऊदी अरब के रियाद में आयोजित विश्व रक्षा प्रदर्शनी में मंगलवार को वहां के सहायक रक्षा मंत्री डॉ.खालिद अल बायारी से भेंट की। उन्होंने देशों के आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की।*

सीडीएस चौहान ने अंतरिक्ष संगोष्ठी का किया उद्घाटन, कहा...

# उद्योग जगत काउंटर स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने में भागीदार बने

एजेंसी | नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से देश की अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा के लिए काउंटर-स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने पर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने बुधवार को जोर देकर कहा है कि चूंकि देश अमृत काल से गुजर रहा है, इसलिए अंतरिक्ष संवर्धन से लेकर अन्वेषण तक सरकार ने राष्ट्र के लिए बड़े लक्ष्यों की कल्पना की है। सीडीएस



चौहान ने बुधवार को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। सीडीएस ने निजी अंतरिक्ष उद्योग भागीदारों की विभिन्न तकनीक प्रगति को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं। बलों की इस क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपए की धनराशि निर्धारित की गई है।

इस धनराशि का उपयोग निगरानी उपग्रहों के निर्माण से लेकर सुरक्षित संचार नेटवर्क को विकसित करने में किया जाएगा। ऐसे में निजी अंतरिक्ष उद्योग के लिए यह समय अमृतकाल हो सकता है।

एक अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर रक्षा अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का समय आ गया है।

### युद्ध क्षमता बढ़ाने में अंतरिक्ष क्षेत्र का किया जाएगा उपयोग

सीडीएस ने निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बनें ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढ़ाया जा सके। सीडीएस चौहान ने कहा कि भूमि, वायु, समुद्र और यहां तक कि साइबर के पारंपरिक क्षेत्रों में युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग किया जा सकता है। इस संगोष्ठी आयोजन भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

### विदेशों पर निर्भर नहीं रह सकते, आत्मनिर्भरता जरूरी

अपने संबोधन में जनरल चौहान ने भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली (NAVIC) को मजबूत करके स्वदेशी पोजिशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग (PNT) सेवाओं को विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा बल अपनी इन जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रह सकते। इस समारोह में भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक शैलेश नायक और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जल्द 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी वंदे भारत

**नई दिल्ली।** देश में वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर 82 कर दी गई है। अब नई दिल्ली-मुंबई व नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर इन ट्रेनों की गति 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने पर काम किया जा रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में 10 सांसदों द्वारा किए गए सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। वंदे भारत की राज्यवार औसत आय पर उन्होंने कहा कि ट्रेन वार और राज्य वार राजस्व सृजन का रखरखाव नहीं किया जाता है।

आक्यूपेंसी के सवाल पर रेल मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वंदे भारत ट्रेनों में आक्यूपेंसी दर 96.62 प्रतिशत रही।

## तेलुगु फिल्म OG 27 सितंबर को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में होगी रिलीज

# EH एक बार फिर बनेंगे विलन, पावर स्टार पवन कल्याण से लेंगे टक्कर

**बेधड़क. जयपुर।** टाइगर 3 में सलमान खान के सामने अपनी जानदार एक्टिंग से विलन के रूप में लोगों का ध्यान खींचने वाले इमरान हासमी एक बार फिर से खलनायक वाला रूप दिखाने वाले हैं। इस बार उनका यह कैरेक्टर शेड तेलुगु फिल्म ओजी में देखने को मिलेगा। इस साल के सबसे बड़े क्राइम ड्रामा में से एक इस मूवी में इमरान हासमी पावर स्टार पवन कल्याण का सामना करेंगे। सुजीत के निर्देशन में बनी ओजी को लेकर पावर स्टार के प्रशंसकों में भारी क्रेज है। इसे देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। ओजी 27 सितंबर वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

### पोस्टर में लिखा-वे उन्हें बुलाते हैं OG

डीवीवी एंटरटेनमेंट ने ओजी का एक पोस्टर भी रिवील किया है। उसमें पावर स्टार पवन कल्याण एक कार की बगल में खड़े हैं। उनके हाथ में गर्म चाय का गिलास है और कैप्शन लिखा है 'वे उन्हें बुलाते हैं-ओजी। मूवी में अभिनेता प्रकाश राज, प्रियंका मोजन, अर्जुन दास और श्रिया रेड्डी भी सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगे।

### मुंबई और हैदराबाद में हुई शूटिंग

ओजी की शूटिंग मुंबई और हैदराबाद के आसपास के स्थानों पर की गई। कास्ट से लग रहा है कि मूवी में दर्शकों को हार्डकोर एक्शन के दश्य देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही पावर स्टार की स्टाइल परफोर्मेंस फुल एंटरटेन करेगी। पावर स्टार पवन कल्याण और इमरान हाशमी के मूवी में आमने-सामने होने से शानदार ड्रामा क्रिएट होने की उम्मीद है।




### इमरान का तेलुगु में डेब्यू

इमरान हासमी बॉलीवुड में तो नेगेटिव-पोजिटिव भूमिकाओं से अपनी अच्छी पहचान बना चुके हैं, अब वे तेलुगु में एक्टर के रूप में एंट्री मार रहे हैं। डेब्यू के लिए उन्होंने ओजी को चुना है। इस मूवी में पवन कल्याण लीड रोल में हैं। अपने फैंस में पावर स्टार के रूप में फेमस पवन कल्याण से इमरान हासमी इस मूवी में टक्कर लेंगे। इमरान के फैंस को उम्मीद है कि बॉलीवुड की तरह ही एक्टर तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी अपना नाम करेंगे।

## चालीसा पोस्टर का विमोचन




**बेधड़क. जयपुर।** श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति संरक्षक एवं अध्यक्ष अमरनाथ और श्री सालासर बालाजी पुजारी परिवार के सान्निध्य में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ 10 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन बुधवार को मालवीय नगर में आचार्य अनुपम जौली और आचार्या हिमानी शास्त्री ने किया। इस अवसर पर प्रो. अतुल गुप्ता, एंजलिना जौली, मोनिका गुप्ता, कमलेश कुमावत, सांवर मल जांगिड़ और आचार्य आकाश गौतम उपस्थित रहे। अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि सालासर दरबार में देशभर से लगभग 20 हजार से अधिक हनुमान भक्त पहुंचेंगे। सालासर दरबार में मुख्य द्वार के बाहर भव्य मंच का बनाया जाएगा। इस मंच के माध्यम से संपूर्ण भारत देश में 8:09 बजे लोगों को हनुमान भक्ति से जोड़कर के राष्ट्र कल्याण का संकल्प दिलाया जाएगा।

## आर्टिकल 370 का ट्रेलर आज

**बेधड़क. जयपुर।** आर्टिकल 370 के ट्रेलर को लेकर मेकर्स की तरफ से बड़ा अपडेट आया है। मूवी का ट्रेलर 8 फरवरी को रिलीज किया जाएगा। फिल्म में यामी गौतम, प्रिया मणि, अरुण गोविल, वैभव तत्ववादी, किरण करमरकर और राज जुत्शी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। आदित्य




सुहास जंभाले ने फिल्म का डायरेक्शन किया है और ज्योति देशपांडे मूवी की निर्माता हैं।

## फूड फोटो एग्जीबिशन 10 से



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में फूड फोटोग्राफी एग्जिबिशन का आयोजन 10 और 11 फरवरी तक जवाहर कला केंद्र में किया जाएगा। इसमें 180 से अधिक ब्लॉगर और फोटोग्राफर भाग लेंगे, जिनकी 330 से अधिक तस्वीरे डिस्प्ले होगी। इसमें राजस्थान के साथ ही देश-विदेश से भी फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं। आयोजनकर्ता होटल की तरफ से एग्जीबिशन में फूड जैसे राजस्थानी, इंडियन, साउथ ,चाइनीज, फ्रूट और कॉफी की तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी। एग्जीबिशन में फोटोग्राफी के कई सेशन भी रखे गए हैं।

## City इवेंट्स

### लाल सलाम का तेलुगु ट्रेलर रिलीज




**बेधड़क. जयपुर।** तमिल भाषा की अपेकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म लाल सलाम (रेड सैल्यूट) तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी। मूवी का तेलुगु ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया गया। फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत का काफी दमदार कैमियो है। सुपरस्टार ने इस प्रोजेक्ट में अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत के डायरेक्शन में काम किया है। लाइका प्रोडक्शंस के तहत सुबास्करन अल्लिराजाह द्वारा निर्मित इस मूवी में विष्णु विशाल और विक्रांत ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। उनके साथ विग्नेश, लिविंगस्टन, सेंथिल, जीविता, केएस रविकुमार और थम्बी रमैया सहायक भूमिकाओं में दिखाई देंगे। सुपरस्टार रजनीकांत के साथ ही एक और बहुत बड़ी हस्ती इस मूवी में कैमियो कर रही हैं और वो हैं क्रिकेटर कपिलदेव। संगीत एआर रहमान ने दिया है। डीओपी विष्णु रंगासामी हैं और बी प्रवीण बास्कर ने एडिटिंग की है। लाल सलाम 9 फरवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी।

### रोज डे पर TBMAUJ का नया पोस्टर आउट



**बेधड़क. जयपुर।** शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जीया शुक्रवार को रिलीज होगी। इससे पूर्व मेकर्स ने बुधवार को रोज डे पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया। इसमें शाहिद कपूर अपनी कोस्टार कृति सेनन को गुलाब का फूल देते नजर आ रहे हैं। बता दें कि TBMAUJ एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें एक व्यक्ति की रोबोट के साथ प्रेम कहानी दिखाई गई है। रोबोट वाला कैरेक्टर कृति सेनन ने किया। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिसे फैमिली ऑडियंस का अच्छा रेस्पांस मिल रहा है। मूवी में धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया भी नजर आएंगे। फिल्म का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है।

## 'एक देश, एक कानून' विषय पर संगोष्ठी

# व्यक्तिगत अधिकारों को कहीं प्रभावित नहीं करती 'संहिता'



**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय सुरक्षा मंच राजस्थान चैप्टर की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि देश का विकास समान नागरिक संहिता कानून से ही संभव है। समान कानून नागरिक संहिता व्यक्ति के, व्यक्तिगत अधिकारों को कहीं भी प्रभावित नहीं करती है। व्यक्ति को अपने धर्म जाति मजहब के हिसाब से पूजा पाठ एवं जीवन यापन करने की पूर्ण आजादी है। राजस्थान सरकार भी शीघ्र ही विधानसभा में समान नागरिक संहिता कानून लाना चाहिए। इंद्रेश कुमार चैप्टर की ओर से 'एक देश, एक कानून' विषय को लेकर मालवीय नगर स्थित पाथेयकण सभागार में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा रहे।

इंद्रेश कुमार ने कहा किने उदाहरण देते हुए बताया कि हिंदू परिवार में एक से अधिक शादियां अवैध हैं, जबकि मुस्लिम समाज में चार शादियां जायज है। ऐसे में धर्म परिवर्तन को भी बल मिलता है, मातृशक्ति का शोषण होता है। उन्हें न्याय नहीं मिलता। उत्तराखंड सरकार द्वारा विधानसभा में सम्मान नागरिक संहिता लाने पर देश में एक अच्छा माहौल तैयार हो रहा है। संगोष्ठी का उद्घाटन अतिथियों ने भारत माता की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अतिथियों को केसरिया दुपट्टा ओढ़ाया गया।

## अपाहिज बच्चियों को देंगी निशुल्क प्रशिक्षण

# कॉम्पटिशन में राष्ट्रीय स्तर की विनर अब करेंगी समाज सेवा




**बेधड़क | जयपुर**

भारत ब्यूटी इवेंट के ब्राइडल मेकअप कंपटीशन में राष्ट्रीय स्तर की विनर माफिया खान और द्वितीय स्थान पर रहने वाली लक्ष्मी कुमारी गुर्जर अब रूप साज फाउंडेशन के साथ जुड़कर सामाजिक कार्यों में हाथ बंटाएंगी। इसके तहत दोनों अपाहिज बच्चियों को निशुल्क प्रशिक्षण देंगी। साथ ही पूरे साल मेकअप सेमिनार में भी भाग लेंगी। फाउंडेशन के मेंबर रवि राव ने बताया कि शेखावाटी ब्यूटी इवेंट 14 मार्च को होगा, जिसमें माफिया एवं लक्ष्मी शामिल होंगी। इसके पश्चात जयपुर में ढूंढाड़ ब्यूटी इवेंट द्वितीय 17 मार्च को, मेवाड़ ब्यूटी इवेंट द्वितीय अप्रैल में आयोजित होगा। दोनों ब्यूटीज की ओर से उठाया जा रहा यह कदम लोगों को प्रशिक्षण देकर के रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ ही महिला सशक्तीकरण के बहुत सहायक होगा। फाउंडेशन के जयपुर जिले की प्रेसिडेंट सुनीता वर्मा को बनाया गया है, वहीं उदयपुर की प्रेसिडेंट के तौर पर निधि कोटाई को नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि रूप साज फाउंडेशन के द्वारा आयोजित भारत ब्यूटी इवेंट में 300 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। तीन दिन तक चलो इस प्रोग्राम में 2 दिन सेमीफाइनल तथा तीसरे दिन फाइनल का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर माफिया खान एवं दूसरे स्थान पर लक्ष्मी गुर्जर रहीं।

**दिगम्बर जैन मंदिर** | आज भी होंगे पूजा अर्चना के विशेष आयोजन, निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा

# सुख-शांति के लिए शांतिधारा, जयकारों से अर्घ्य चढ़ाया

**बेधड़क | जयपुर**

जैन धर्मावलंबियों ने जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बुधवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। प्रातः मंदिरों में श्री जी के अभिषेक के पश्चात मंत्रोच्चार से विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इसके बाद अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना कर भगवान शीतलनाथ के जन्म व तप कल्याणक श्लोक



का सामूहिक रूप से उच्चारण कर जयकारों के साथ अर्घ्य चढ़ाया गया। अंत में महाआरती की गई। गुरुवार को भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाएगा। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि घी वालों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर फागी में मूलनायक भगवान शीतल नाथ का कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

### यहां भी हुए कई धार्मिक आयोजन

जैन ने बताया कि भट्टारक जी की नसियां के दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में विशेष आयोजन किए गए। सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, जग्गा की बावड़ी, तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शांतिनाथ जी की खोह सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया गया।

### आज यहां मनाया जाएगा कल्याणक महोत्सव

कोटखावदा ने बताया कि 8 फरवरी को जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। रात्रि में महाआरती के बाद भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान के पाठ किए जाएंगे। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर शहर के 250 से अधिक मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। भट्टारक जी की नसियां, शांतिनाथ जी की खोह, सांगानेर के दिगम्बर जैन मंदिर संघीजी, एस एफ एस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, किशनपोल बाजार के आचार्यों का रास्ता स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिरमोरियान, बीलवा के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नांगलिया में निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा। जनकपुरी के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, प्रतापनगर के सैक्टर 17 स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मुहाना मण्डी में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे।



## पाक में चुनाव से ठीक एक दिन पहले दो भीषण बम धमाके

# दो आतंकी हमलों में 26 लोगों की मौत



एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए वोटिंग से ठीक एक दिन पहले बुधवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ है। बलूचिस्तान में एक के बाद एक हुए दो विस्फोटों में 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पहला विस्फोट दोपहर बाद पिशिन में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार काकर के चुनाव कार्यालय के बाहर हुआ। पिशिन के डिप्टी कमिश्नर जुम्मा दाद खान के मुताबिक आतंकी हमलों में 26 लोगों की मौत की खबर है, जबकि 30 लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं। पहला आत्मघाती हमला बलूचिस्तान के पिशिन में हुआ है, जबकि दूसरा धमाका किला सैफुल्लाह में हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पिशिन में विस्फोट का संज्ञान लिया है और सरकार से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने प्रांतीय मुख्य सचिव और प्रांतीय पुलिस प्रमुख से तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

पिशिन के उपायुक्त जुम्मा दाद खान के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार काकर के चुनाव कार्यालय के बाहर हुए आत्मघाती विस्फोट में 14 लोग मारे गए और 30 घायल हो गए।

### चुनाव आयोग ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

कार्यवाहक आंतरिक मंत्री गौहर इजाज ने बलूचिस्तान के किला सैफुल्ला में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और कहा है कि वह शोक संतप्त परिवारों के साथ उनकी संवेदनाए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भड़काने वाले तत्व आम चुनाव से पहले अराजकता पैदा करना चाहते हैं और जनता को वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल करने से रोकना चाहते हैं।

### चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग आज

पड़ोसी देश पाकिस्तान में चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है। 8 फरवरी को नेशनल असेंबली की 242 सीटों समेत प्रांतीय असेंबली के लिए भी वोट डाले जाएंगे। उससे पहले आर्थिक संकटों से घिरे पाकिस्तान की लगभग सभी सियासी पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े-बड़े चुनावी वादे किए हैं। किसी ने एक करोड़ नौकरियां देने का वादा किया है तो किसी दल ने बिजली बिल कम करने, महंगाई कम कर 6 फीसदी पर लाने का वादा किया है।

## इजराइल को 3 चरणों वाले युद्धविराम का प्रस्ताव सौंपा

# हमास ने इजराइल के सामने रखा सीजफायर का प्रस्ताव

एजेंसी | दोहा

पिछले 124 दिनों से इजराइल से जंग लड़ रहे हमास ने तीन चरणों वाले युद्धविराम का प्रस्ताव सौंपा है। रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने बुधवार को तीन चरण की युद्धविराम योजना का प्रस्ताव रखा है, जिससे गाजा में साढ़े चार महीने बाद बमबारी बंद हो सकती है। अगर इजरायल ने हमास के तीन चरणों वाले प्रस्ताव को माना तो अंततः युद्ध समाप्त हो सकता है। हमास ने यह प्रस्ताव पिछले सप्ताह क़तर और मिस्र के मध्यस्थों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के जवाब में भेजा है।

हमास के जवाबी प्रस्ताव के अनुसार, पहले चरण के 45 दिनों के दौरान इजराइली जेलों में बंद सभी फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों की रिहाई के बदले हमास सभी इजराइली महिला बंधकों, 19 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों, बुजुर्गों और बीमारों को रिहा करेगा। दूसरे चरण के दौरान शेष पुरुष बंधकों को मुक्त कर दिया जाएगा और तीसरे चरण में लड़ाई में मारे गए लोगों के अवशेषों का आदान-प्रदान किया जाएगा। प्रस्तावों के मुताबिक, हमास ने उम्मीद जताई है कि सीजफायर के तीसरे चरण के अंत तक दोनों पक्ष युद्ध की समाप्ति से जुड़े एक समझौते पर पहुंच जाएंगे। हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव के एक परिशिष्ट में कहा है कि वह 1500 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई चाहता है, जिनमें से एक तिहाई को वह इजराइल द्वारा आजीवन कारावास की सजा पाने वालों की सूची से चुनना चाहता था। प्रस्ताव में कहा गया है कि संघर्ष विराम से गाजा पट्टी को भोजन और अन्य सहायता मिलने की रफ्तार तेज हो सकेगी।




### 'नेतन्याहू ने नहीं दी जंग समाप्ति पर सहमति'

वहीं इस प्रस्ताव को लेकर इजराइल की तरफ से अभी तक युद्धविराम प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वैसे इजराइल कई बार कह चुका है कि जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता, वह गाजा से अपने सैनिकों को नहीं हटाएगा।

### एंटनी ब्लिंकन मिडिल ईस्ट के दौरे पर पहुंचे

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गाजा में संघर्ष विराम के मुद्दे पर इजराइली नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास हमले के बाद से छिड़ी जंग के बीच एंटनी ब्लिंकन मिडिल ईस्ट के दौरे पर पहुंचे हैं।

## संसद के नए सत्र के उद्घाटन पर बोले राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

# विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेगा श्रीलंका

एजेंसी | कोलंबो

इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति ने विदेशी संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को संसद के नए सत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश को आर्थिक संकट से उबारने और विकास के लिए विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत आ गई है। विक्रमसिंघे ने कहा कि हमारे लिए विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी और महत्वपूर्ण हो गया है। विक्रमसिंघे ने कहा कि हम इस दिशा में काम करना भी शुरू कर चुके हैं। भारत के सहयोग से त्रिंकोमाली को एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक योजना पहले ही शुरू हो चुकी है। उन्होंने देश के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ की जरूरत पर भी जोर दिया।

### ले सकते हैं कठोर फैसले

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूर्वोत्तर मन्नार और दक्षिण भारत के बीच पुल बनाने के विचार पर चर्चा की है। विक्रमसिंघे ने कहा, दिवालिया हो चुकी श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत बनाने के लिए वह ऐसे फैसले लेने को भी तैयार हैं, जो जनता की नजर में अलोकप्रिय हो सकते हैं।






## ऑस्ट्रेलिया की संसद में बना इतिहास

# सांसद ने गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

एजेंसी | कैनबरा

ऑस्ट्रेलियाई संसद बुधवार को ऐतिहासिक लम्हे की साक्षी बनी, जब एक सांसद ने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलियाई संसद के पहले सदस्य बन गए हैं। वे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हैं।

विधानसभा और विधान परिषद ने उन्हें संघीय संसद सीनेट में ऑस्ट्रेलियाई राज्य का प्रतिनिधितत्व करने के लिए चुना है। इसके बाद बुधवार को उन्हें शपथ दिलाई गई। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने एक्स पर लिखा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हमारे नए सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष भगवद गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। मैंने अक्सर कहा है, जब आप कोई काम सबसे पहले करते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि उसे करने वाले आप आखिरी न हों।' उन्होंने कहा कि सीनेटर घोष अपने समुदाय और पश्चिम आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक मजबूत आवाज होंगे। लेबर सीनेट टीम में आपका होना अद्भुत है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी घोष का स्वागत किया।



### 1980 में ऑस्ट्रेलिया गए थे वरुण

पर्थ के रहने वाले वरुण घोष पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से आर्ट्स और लॉ की पढ़ाई की है। वह पहले न्यूयॉर्क में फाइनेंस अटार्नी और वॉशिंगटन में विश्वबैंक में सलाहकार रह चुके हैं। वरुण घोष ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत पर्थ में लेबर पार्टी से की थी। घोष की राजनीतिक यात्रा तब शुरू हुई जब वह 1980 के दशक में उनके माता-पिता भारत से ऑस्ट्रेलिया आए थे। वरुण तब 17 साल के थे। 1985 में जन्मे घोष 1997 में पर्थ चले गए और क्राइस्ट चर्च ग्रामर स्कूल में पढ़ाई की।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl